प्रयागराज, कानपुर रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 14 अंक : 309 | शनिवार 01 नवम्बर, 2025 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया

## जम्मू कश्मीर विधानसभा में विपक्ष ने उमर अब्दुल्ला सरकार को जमकर घेरा, मचा हंगामा, कार्यवाही अनिश्चिकाल के लिए स्थगित

***विधानसभा सत्र में पांच सरकारी विधेयक पारित हुए और दो गैर-सरकारी प्रस्तावों पर चर्चा हुई। हालांकि 41 गैर-सरकारी विधेयक सूचीबद्ध थे, पर उनमें से केवल आठ पर ही चर्चा हो सकी। विपक्ष का कहना है कि सरकार ने गैर-सरकारी प्रस्तावों को "औपचारिकता" में बदल दिया है।***



नई दिल्ली 31 अक्टूबर (एजेंसी) जम्मू–कश्मीर विधानसभा का शरदकालीन सत्र आज अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया, लेकिन सत्र के अंतिम दिन विपक्ष ने उमर अब्दुल्ला सरकार को जमकर घेरा। हम आपको बता दें कि नौ दिवसीय सत्र अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण रहा, परंतु अंतिम चरण में विपक्षी दलों ने सरकार पर जनहित से जुड़े मुद्दों को अनदेखा करने का आरोप लगाते हुए तीखी टिप्पणियाँ कीं। उधमपुर से भाजपा विधायक पवन गुप्ता द्वारा बाढ़ पीड़ितों की समस्याओं पर चर्चा के लिए लाए गए स्थगन प्रस्ताव को विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर ने अस्वीकार कर दिया, जिसके विरोध में भाजपा विधायकों ने सदन से वॉकआउट किया। विपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार जन–समस्याओं को नजरअंदाज कर "औपचारिक विधायी कार्यवाही" में उलझी रही।हम आपको बता दें कि विधानसभा सत्र में पांच सरकारी विधेयक पारित हुए और दो गैर–सरकारी प्रस्तावों पर चर्चा हुई। हालांकि 41 गैर–सरकारी विधेयक सूचीबद्ध थे, पर उनमें से केवल आठ पर ही चर्चा हो सकी। विपक्ष का कहना है कि सरकार ने गैर–सरकारी प्रस्तावों को "औपचारिकता" में बदल दिया है और जनहित के विषयों से दूरी बना ली है। सत्र के दौरान एक अन्य विवाद ने भी माहौल को गर्मा दिया जब नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेका) विधायक जावेद मिर्चल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें वह विधानसभा कार्यवाही के दौरान मोबाइल पर "रील देखते" नजर आए। इस पर सदन में हंगामा मच गया। मिर्चल ने आरोप लगाया कि एक पत्रकार ने "अनुचित ढंग से" वीडियो बनाया और उनके चरित्र पर प्रश्न खड़े किए।गुरेज से नेकां विधायक नजीर अहमद खान गुरेजी ने पत्रकार के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाने की घोषणा की। विधानसभा अध्यक्ष राथर ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि "इसके लिए जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।" सत्र के अंत में अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया, लेकिन विपक्ष ने साफ कहा कि "जनता के मुद्दों को दबाया नहीं जा सकता।"देखा जाये तो जम्मू–कश्मीर विधानसभा का यह शरदकालीन सत्र ऐसे समय में संपन्न हुआ है जब राज्य की राजनीति एक बार फिर "जनहित बनाम सत्ता हित" के द्वंद्व में फंसी हुई दिखाई दी। उमर अब्दुल्ला सरकार ने विधायी कार्यों को प्राथमिकता दी, पर विपक्ष ने सवाल उठाया कि इन विधेयकों में आम नागरिक की समस्याओं के समाधान का कोई ठोस रोडमैप नहीं था। बाढ़ पीड़ितों की दुर्दशा, सीमांत इलाकों में रोजगार संकट, बिजली और जल आपूर्ति की दिक्कतें ये वो मुद्दे हैं जिन पर विपक्ष ने सरकार को कटघरे में खड़ा किया। पवन गुप्ता का स्थगन प्रस्ताव खारिज होना इस असंतोष की प्रतीकात्मक झलक बन गया।दूसरी ओर, एक विधायक के मोबाइल पर रील देखने और पत्रकार पर कार्रवाई की मांग ने संसदीय गरिमा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, दोनों को विवाद के केंद्र में ला दिया। अगर विधायक वाकई कार्यवाही के दौरान लापरवाह थे, तो यह लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन है्य लेकिन अगर पत्रकार की रिपोर्टिंग पर ही दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, तो यह लोकतंत्र के "स्वतंत्र चौथे स्तंभ" पर चोट होगी। यह सत्र यह भी याद दिलाता है कि विधानसभा केवल विधेयक पारित करने की जगह नहीं बल्कि जनता की आवाज सुनने का मंच है। विपक्ष का यह प्रयासकृ चाहे वॉकआउट हो या बहस में तीखापन, यह संदेश देता है।कि जम्मू–कश्मीर की राजनीति में अब जनहित के प्रश्न दोबारा केंद्र में लौट रहे हैं। सवाल यह है कि क्या उमर सरकार इस शोर के भीतर जनता की वास्तविक पुकार को सुन पाएगी, या फिर यह सत्र भी विधायी औपचारिकताओं की सूची में एक और संख्या बनकर रह जाएगा?

## सरदार पटेल की दूरदर्शिता आज भी प्रासंगिकः डोभाल बोले

### सशक्तशासन से ही नया भारत बनेगा विश्वगुरु

**अजीत डोभाल ने राष्ट्र निर्माण, सुरक्षा व लक्ष्यों की प्राप्ति में प्रभावी शासन की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित किया। उनके अनुसार, भारत शासन व्यवस्था, सामाजिक ढाँचे और वैश्विक स्थिति में महत्वपूर्ण ष्क्रांतिकारी बदलावष के दौर से गुजर रहा है, जहाँ सरदार पटेल की दूरदर्शिता प्रासंगिक है। इस परिवर्तनकाल में स्पष्ट दृष्टिकोण ही राष्ट्र को स्थिरता-प्रगति दे सकता है।**



नई दिल्ली 31 अक्टूबर (एजेंसी) राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने शुक्रवार को राष्ट्र निर्माण प्रक्रिया में शासन की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि यह राष्ट्र को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने आज के भारत में, विशेष रूप से महत्वपूर्ण परिवर्तन के इस दौर में, सरदार पटेल के दृष्टिकोण की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। डोभाल ने जोर देकर कहा कि किसी राष्ट्र की सुरक्षा और उसके उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए प्रभावी शासन अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्र के भविष्य को आकार देने और उसकी स्थिरता सुनिश्चित करने में शासन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।डोभाल ने शासन पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले सरदार पटेल स्मारक व्याख्यान को संबोधित करते हुए कहा कि मैं एक सुरक्षाकर्मी शासन प्रक्रिया को किस प्रकार देखता है, इस पर एक दृष्टिकोण साझा करना चाहूँगा। मेरा मानना ष्है कि शासन राष्ट्र निर्माण प्रक्रिया में, साथ ही राष्ट्र की सुरक्षा और उसके लक्ष्यों व आकांक्षाओं को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह वास्तव में बहुत उपयुक्त है कि 2025 में, हम सरदार पटेल का पुनर्आविष्कार करें। भारत के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के दृष्टिकोण को बनाए रखने की इच्छा व्यक्त करते हुए डोभाल ने तर्क दिया कि भारत एक निश्चित प्रकार के शासन और वैश्विक व्यवस्था में अपने स्थान से एक ष्क्रांतिकारी बदलावष का गवाह बन रहा है।उन्होंने भारत को एकजुट करने और एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण में सरदार पटेल के दृष्टिकोण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पटेल का नेतृत्व और दूरदर्शिता आज भारत में पहले से कहीं ज्यादा जरूरी है। एनएसए ने कहा कि उनकी (सरदार पटेल की) दूरदर्शिता आज भारत में पहले से कहीं ज्यादा जरूरी है। भारत न सिर्फ एक बदलाव के दौर से गुजर रहा है, बल्कि एक खघस तरह की शासन व्यवस्था और सरकारी ढाँचे, सामाजिक ढाँचे और वैश्विक व्यवस्था में अपनी जगह से भी एक बदलाव की ओर बढ़ रहा है। दुनिया भी एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है। जब भी बदलाव आता है, सबसे जरूरी होता है दूरदर्शिता की स्पष्टताय शोर और खघ्तरे आपको विचलित नहीं कर पाते। आप विपरीत परिस्थितियों और संभावित खघ्तरों से नहीं घबराते। आपको खुद्द को तैयार करना होगा और खुद्द को सुसज्जित करना होगा। डोभाल ने बताया कि भारत एक महत्वपूर्ण बदलाव के दौर से गुजर रहा है, जिसमें शासन व्यवस्था, सामाजिक गतिशीलता और उसकी वैश्विक स्थिति में बदलाव आ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, ष्सभ्यता को राष्ट्र–राज्य में बदलना एक अद्भुत कार्य है। वे जानते थे कि यह केवल एक अत्यंत प्रभावी शासन तंत्र के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकता है। सरकार को सामान्यतः अपेक्षा से परे सोचना और कार्य करना होगा।ष डोभाल उन लोगों को महत्व देते थे जो उन संस्थाओं का पोषण करते हैं जिनके माध्यम से सरकारें कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि संस्थाएँ शासन प्रदान करती हैं जो बदले में राष्ट्रों और शक्तिशाली राज्यों का निर्माण करती हैं। उन्होंने इन परिवर्तनों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए स्पष्ट दृष्टिकोण और तैयारी की आवश्यकता पर बल दिया।

## बिहार में गरजे योगीः चुनाव में राहुल गांधी की एंट्री...

### सीएम बोले- यही भाजपा व एनडीए की जीत की गारंटी

**बिहार में सीएम योगी ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव में राहुल गांधी की एंट्री ही भाजपा व एनडीए की जीत की गारंटी है। राष्ट्र विरोधियों को बाहर का रास्ता दिखाना है। सिवान में खानदानी माफियाराज की वापसी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।**



नई दिल्ली 31 अक्टूबर (एजेंसी) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बिहार में अपनी तीन जनसभाओं में विपक्ष पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने महागठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि बिहार चुनाव में राहुल गांधी की एंट्री हो चुकी है, यही भाजपा और एनडीए प्रत्याशियों की जीत की गारंटी है। राहुल जब भी प्रचार करने आते हैं, एनडीए की जीत तय हो जाती है। कांग्रेस–आरजेडी गठबंधन सत्ता में आया तो माफियाराज, लूट, अपहरण और बेटियों की असुरक्षा का दौर लौट आएगा। गरीबों का राशन लूटेंगे, व्यापारियों को डराएंगे। एनडीए ऐसा नहीं होने देगा।सीएम ने कहा कि मैं परसों रघुनाथपुर आया था, क्योंकि एक खानदानी माफिया वहां फिर कब्जा करना चाहता है। यूपी में हमने बुलडोजर से रौंदकर ऐसे माफिया के लिए जहन्नुम के रास्ते खोल दिए हैं। हमारी सीता मइया की धरती पर कोई मारीच और सुबाहू फिर से सिर न उठा सकेगा। यूपी की कानून व्यवस्था का उदाहरण देते हुए कहा कि जब हमारे बुलडोजर चलते हैं तो माफिया की अवैध संपत्तियां ढहती हैं। उन जमीनों पर गरीबों के लिए मकान बनते हैं। यूपी अब विरासत और विकास दोनों का मॉडल है। यहां न माफिया बचता है, ना ही भ्रष्टाचार पनपता है। जिन विदेशी आक्रांताओं ने नालंदा विश्वविद्यालय को ध्वस्त किया, उनके वंशज भी राजनीतिक इस्लाम की मंशा के साथ फिर आना चाहते हैं। सीएम ने कहा कि ब्रिटिशर्स ने यहां के कारीगरों, हस्तशिल्पियों, किसानों को भूखे मरने को मजबूर किया। अंग्रेजों की वारिस कांग्रेस ने उसी परंपरा का अनुसरण किया। जो बचा खुचा था, उसे आरजेडी ने पूरा रख लिया। इंडी गठबंधन यहां कांग्रेस, माले और आरजेडी के नाम पर आया है, ताकि गरीबों के राशन पर डकैती डाला जा सके। इसमें उनका पुराना अनुभव है। ये सब एक ही थाली के चट्टे–बट्टे हैं। ये देश की विरासत का विरोध करते हैं। गुलामी की मानसिकता का समर्थन करते हैं।

अयोध्या में राम मंदिर का विरोध करते हैं। सीतामढ़ी में सीता मइया के मंदिर का विरोध करते हैं। लोगों को लड़ाते हैं। पर्व त्योहार के पहले दंगा कराने की कोशिश करते हैं। जो राम का नहीं, वो हमारे किसी काम का नहीं। राम का विरोध राष्ट्र का विरोध है। जो राष्ट्र का विरोध कर रहा है, उसे राष्ट्र से बाहर का रास्ता दिखाना है।इनके समर्थन में की जनसभा

सीएम ने पहली रैली सिवान में एनडीए प्रत्याशी मंगल पांडेय, दरौंदा से कर्णजीत सिंह और बड़हरिया से इंद्रदेव सिंह पटेल के समर्थन में की। वहीं दूसरी जनसभा में वैशाली की लालगंज विधानसभा से बीजेपी प्रत्याशी संजय कुमार सिंह के समर्थन में वोट मांगे। भोजपुर के अगिआंव विधान सभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी महेश पासवान के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया।

## पीएम मोदी ने पाकिस्तान को ललकारा

### हमारी बेटियां लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं, ये भारत की नई शक्ति

**पीएम मोदी ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया, स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह का जिक्र करते हुए कहा, ष्हमारी बेटियां लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं।ष राष्ट्रपति मुर्मू संग राफेल में उनकी उड़ान भारत की बढ़ती नारी शक्ति और सशक्त रक्षा क्षमताओं का प्रमाण है। यह राष्ट्र की तकनीकी प्रगति और समग्र सामरिक बल को भी उजागर करता है।**



नई दिल्ली 31 अक्टूबर (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन 2025 को संबोधित करते हुए पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि दो दिन पहले ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राफेल लड़ाकू विमान में उड़ान भरी थी और उनकी साथी स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह थीं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान को दिए संदेश में उन्होंने कहा कि आज हमारी बेटियाँ लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं। पीएम मोदी ने कहा कि अभी दो दिन पहले ही हमारी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी ने राफेल लड़ाकू विमान में उड़ान भरी। उनकी साथी स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह थीं। आज हमारी बेटियाँ लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं और ड्रोन दीदी बनकर आधुनिक कृषि को भी बढ़ावा दे रही हैं। आज हम गर्व से कह सकते हैं कि दुनिया में सबसे ज़्यादा महिला ैज्म्ड स्नातक भारत में हैं। आज विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी महिलाएँ नेतृत्वकारी भूमिकाएँ निभा रही हैं।

उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन 2025, महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंती और आर्य समाज की समाज के प्रति 150 वर्षों की सेवा के उपलक्ष्य में आयोजित ज्ञान ज्योति महोत्सव का हिस्सा है। पीएम मोदी ने आगे कहा, ष्पिछले वर्ष गुजरात में दयानंद सरस्वती जी की जन्मस्थली पर एक विशेष कार्यक्रम हुआ था... उससे पहले यहीं दिल्ली में मुझे महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंती समारोह का उद्घाटन करने का सौभाग्य मिला था... उस कार्यक्रम में हम सभी ने 200वीं जयंती समारोह को दो वर्षों तक एक अखंड बौद्धिक यज्ञ के रूप में जारी रखने का निर्णय लिया था। मुझे प्रसन्नता है कि यह अखंड बौद्धिक यज्ञ दो वर्षों से निरंतर चल रहा है... मैं स्वामी दयानंद सरस्वती के चरणों में नमन करता हूँ और उन्हें अपनी आदरपूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।अंतरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्ष पूरे होने का अवसर सिर्फ समाज के एक हिस्से या संप्रदाय से जुड़ा नहीं है बल्कि पूरे देश की वैदिक पहचान से जुड़ा है। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री मोदी ने महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती और आर्य समाज की समाज सेवा की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में स्मारक सिक्के जारी किए। उन्होंने कहा, ष्आर्य समाज एक ऐसा संगठन रहा है जिसने निडर होकर भारतीयता की बात की है।

## गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित हूं, लोगों से मिलने-जुलने से बचने की सलाह दी गईः राउत

नई दिल्ली 31 अक्टूबर (एजेंसी) शिवसेना (उबाठा) नेता संजय राउत ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो गई हैं और उनका इलाज जारी है। साथ ही राउत ने कहा कि उन्हें लोगों से मिलने–जुलने से बचने की सलाह दी गई है।राउत ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह भी उम्मीद जताई कि अगले साल तक उनका स्वास्थ्य अच्छा हो जाएगा। उन्होंने लिखा, "आप सभी ने मुझे प्यार



दिया और मुझ पर भरोसा किया। लेकिन मुझे गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो गई हैं और मैं इलाज करा रहा हूं। मैं इससे उबर जाऊंगा। चिकित्सकीय सलाह के अनुसार, मुझे बाहर न निकलने और सार्वजनिक स्थानों पर न जाने की सलाह दी गई है।"हालांकि, राउत ने इस बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया। सत्तारूढ़ भाजपा के कटु आलोचक और महाराष्ट्र में विपक्ष की मुखर आवाज, राज्यसभा सदस्य राउत रोजाना मीडिया से बातचीत करने के लिए जाने जाते हैं। एक नवंबर को निर्वाचन आयोग के खिलाफ विपक्षी दलों का विरोध प्रदर्शन हैं जिसमें राउत के भाग लेने की उम्मीद जताई गई थी।

## अरविंद केजरीवाल का शीशमहल 2.0! चंडीगढ़ के आलीशान बंगले पर स्वाति मालीवाल का आरोप

***पार्टी सूत्रों ने इस आवास कोष्सात सितारा सुविधा वाला बताया है और सवाल उठाया है कि एक राजनेता जो वर्तमान में किसी सार्वजनिक पद पर नहीं है, वह इतनी आलीशान संपत्ति का हकदार कैसे हो सकता है।***




नई दिल्ली 31 अक्टूबर (एजेंसी) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कथित विलासिता के शौक को लेकर विवाद को फिर से हवा दे दी है। उन्होंने दावा किया है कि उन्होंने चंडीगढ़ में एक नया श्शीश महलश बनवाया है। भाजपा नेताओं के अनुसार, आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख को चंडीगढ़ के सेक्टर 2 में दो एकड़ का एक आलीशान सरकारी बंगला आवंटित किया गया है, जो आप के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा प्रदान किया गया है। पार्टी सूत्रों ने इस आवास कोष्सात सितारा सुविधा वाला बताया है और सवाल उठाया है कि एक राजनेता जो वर्तमान में किसी सार्वजनिक पद पर नहीं है, वह इतनी आलीशान संपत्ति का हकदार कैसे हो सकता है।आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल द्वारा सोशल मीडिया पर केजरीवाल पर तीखा हमला बोलने के बाद यह विवाद और तूल पकड़ गया। मालीवाल ने आरोप लगाया कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने पंजाब में दिल्ली से भी ज़्यादा भव्य शीश महल बनवाया है। उन्होंने पंजाब सरकार पर केजरीवाल की सुविधाओं और उनकी यात्रा को सुगम बनाने के लिए राज्य के संसाधनों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा दिल्ली का शीश महल खाली होने के बाद, अरविंद केजरीवाल ने पंजाब में दिल्ली से भी ज़्यादा भव्य शीश महल बनवाया है।ष उन्होंने दावा किया कि पंजाब के मुख्यमंत्री के कोटे से एक सरकारी बंगला उन्हें ष्अवैध और गैरकानूनीष तरीके से आवंटित किया गया था।

## बिहार चुनाव में रोजगार पर वार

### तेज प्रताप बोले- खेसारी कौन सी नौकरी देंगे, नाचने वाले?

**बिहार चुनाव 2025 नजदीक आते ही, तेज प्रताप यादव ने राजद उम्मीदवार खेसारी लाल यादव को नाचने वाला कहकर राजनीतिक विवाद को जन्म दिया। उन्होंने खेसारी लाल के 2 करोड़ नौकरी के वादे पर कटाक्ष करते हुए यह टिप्पणी की, जिससे बिहार की चुनावी जुबानी जंग और तीखी हो गई है। यह घटना आगामी विधानसभा चुनाव में व्यक्तिगत हमलों और नीतिगत मुद्दों से ध्यान भटकाने की प्रवृत्ति को दर्शाती है।**




नई दिल्ली 31 अक्टूबर (एजेंसी) बिहार विधानसभा चुनाव 2025 नजदीक आते ही, राजनीतिक पारा चढ़ता जा रहा है और नेता एक–दूसरे पर कटाक्ष कर रहे हैं। जनशक्ति जनता दल के प्रमुख तेज प्रताप यादव ने शुक्रवार (31 अक्टूबर) को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के उम्मीदवार और भोजपुरी अभिनेता–गायक खेसारी लाल यादव के बारे में एक अपमानजनक टिप्पणी करके विवाद खड़ा कर दिया। छपरा में अपने प्रचार के दौरान खेसारी लाल द्वारा किए गए वादों पर टिप्पणी करते हुए, तेज प्रताप ने लोकप्रिय अभिनेता के ष्2 करोड़ नौकरियोंष के दावे का मजाक उड़ाया और तीखे अंदाज में पूछा, ष्खेसारी लाल कौन सी नौकरी देंगे? नाचने वाले?ष

इस टिप्पणी पर राजद समर्थकों और फिल्म उद्योग के प्रशंसकों की प्रतिक्रियाएँ तुरंत आ गईं जिससे पहले से ही गरमाए बिहार चुनाव की बहस में एक नया नाटकीय मोड़ आ गया। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के चुनावी घोषणापत्र या ष्संकल्प पत्रष के बारे में पूछे जाने पर, तेज प्रताप यादव ने सतर्क लहजे में कहा, ष्यह चुनावी मौसम है। देखते हैं क्या होता है।ष उनके जवाब में, व्यक्तित्व–आधारित प्रतिस्पर्धा के बीच, नीतिगत बहसों से ध्यान हटाकर राजनीतिक दांव–पेंच पर केंद्रित करने की कोशिश झलक रही थी।इससे पहले ष्नचनियाष वाले तंज का जवाब देते हुए, खेसारी लाल यादव ने संयमित लेकिन तीखा रुख अपनाया। तेज प्रताप का सीधे तौर पर जिक्र किए बिना, उन्होंने बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा की गई इसी तरह की टिप्पणी पर टिप्पणी की, जिन्होंने भी उन्हें ष्नचनियाष कहा था।

# सम्पादकीय

## ओवैसी का महागठबंधन पर तीखा तंज़

बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक बयानबाजी चरम पर है और आरोप–प्रत्यारोप का सिलसिला बदस्तूर जारी है। हालांकि राहुल गांधी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छठ पर दिए बयान ने भाजपा को बिहार चुनाव में बड़ा मुद्दा दे दिया है। मैं नफीस जाफरी आपको यहां यह बता



नफीस जाफरी

दूं कि भाजपा अब राहुल गांधी को घेर रही है और इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, छठ पूजा और बिहार का अपमान बता रही है। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने तेजस्वी पर हमला बोलते हुए कहा कि आप बिहार की जनता की कितनी बेइज्जती अपने महागठबंधन से करवाना चाहते हैं। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, मैं महागठबंधन की तरफ से ख्वाबों–खयालों के सीएम उम्मीदवार तेजस्वी यादव जी से पूछना चाहता हूं कि बिहारियों के अपमान की कितनी लंबी श्रृंखला आप बर्दाश्त करने के लिए तैयार हैं। तो वहीं दूसरी ओर एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने इंडिया गठबंधन पर एक बड़ा हमला बोला है। उन्होंने एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर मल्लाह को बेटा उप–मुख्यमंत्री बन सकता है तो किसी मोहम्मद का बेटा क्यों नहीं बन सकता है।

उन्होंने अपने संबोधन के दौरान आगे कहा कि बिहार चुनाव में अपने आप को गठबंधन कहती है इंडिया एलायंस। इसकी हकीकत है कि अभी चुनाव शुरू नहीं हुआ लेकिन इस गठबंधन के तहत आने वाले वीआईपी के जो जिम्मेदार लोग हैं उन्होंने कह दिया कि बिहार में मल्लाह समाज की आबादी तीन फीसदी है और जीत के बाद हमारी बिरादरी का एक डिप्टी सीएम होगा। मैं आपसे पूछता हूं कि जब वो तीन फीसदी होकर डिप्टी सीएम बनना चाहते हैं तो आप और हम 17 फीसदी है। अगर मल्लाह का बेटा उप–मुख्यमंत्री बन सकता तो क्या आदम का बेटा उप–मुख्यमंत्री नहीं बन सकता। मेरे भाई फैसला आपको करना है। हम 17 फीसदी है। 14 फीसदी हैं यादव, यानी तेजस्वी। 14 फीसदी हैं उनको 36 फीसदी टिकट दिया। जो 17 फीसदी हैं उनको तेजस्वी लॉलीपॉप दिया। हम किसी के गुलाम नहीं है।

उन्होंने कहा कि अगर आपको (वोटर्स) जंजीरे तोड़ना है तो ये मान लो कि हम किसी के गुलाम नहीं है। अगर आप अपने दिमाग से ये निकाल देंगे तो हमारे साथ इंसाफ होगा। जो एमवाई एमवाई बोलते हैं वो बताए 15 साल से लालू परिवार के लोग रहे, 20 साल से नीतीश कुमार मुख्यमंत्री रहे, अब हम पूछना चाहते हैं कि हमारा यानी मुस्लिमों का रोल क्या है।

विदित हो कि बिहार विधानसभा चुनावों के लिए एआईएमआईएम के प्रमुख एवं हैदरबाद से पार्टी सांसद असदुद्दीन ओवैसी इंडिया गठबंधन के साथ चुनावी गठबंधन करना चाहते थे। और इसके लिए उन्होंने हरसंभव प्रयास किये। अब यह बात अलग है कि बिहार महागठबंधन में सबसे बड़ा घटक दल लालू प्रसाद के नेतृत्व के वाला राजद एआईएमआईएम के साथ गठबंधन करने को तैयार नहीं हुआ। राजद के नेता तेजस्वी यादव ने तो यहां तक कहा कि क्या वे हमें हैदरबाद में सीटें देंगे। बहरहाल, जहां तक एआइएमआईएम का सवाल है तो पिछले बिहार के विधानसभा चुनाव 2025 एआईएमआईएम ने मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र सीमांचल में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज कर बिहार के राजनीतिक दलों को हैरान कर दिया था। पर कुछ ही दिनों के बाद एआईएमआईएम के पांच में चार विधायक एआईएमआईएम छोड़ कर राजद में शामिल हो गए। वैसे कहा जाता है कि बिहार के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र सीमांचल में एआईएमआईएम का जनाधार काफी मजबूत है। अब यह देखना है कि अपने इस मजबूत जनाधार के बूते पर एआईएमआईएम महागठबंधन को किस हद तक चुनावी नुकसान पहुंचाते हैं। या फिर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र सीमांचल में राजद और कांग्रेस अपने बूते पर एआईएमआईएम को किनारे लगाने पर सफल रहेंगे।

## भाजपा ने भारतीय राजनीति में नेतृत्व के पहलू को कैसे पुनर्परिभाषित किया

आजाद भारत के इतिहास में राजनीति ज्यादातर समय हक की एक ऐसी भावना से प्रभावित रही, जिसने विरासत और वैधता के बीच घालमेल किया। एक परिवार और एक पार्टी को यह लगने लगा कि वे शासन करने के लिए ही पैदा हुए हैं। गुजरते वक्त के साथ, इस मानसिकता ने संस्थाओं को खोखला कर दिया और पीढियों को राजनीतिक विशेषाधिकार को जन्मसिद्ध अधिकार मानने के लिए प्रेरित किया। इस धारणा को अब योग्यता, जवाबदेही और प्रदर्शन पर आधारित नई राजनीतिक नैतिकता द्वारा चुनौती दी जा रही है।हाल ही में इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित वन नेशन, फ्यू फैमिलीज शीर्षक लेख में भारत में वंशवादी राजनीति के जारी रहने को लेकर एक महत्वपूर्ण सवाल उठाया गया है। यह लेख जिस मुद्दे को उजागर करता है वह वास्तविक तो है, लेकिन उसकी व्याख्या अधूरी है। वंशवाद भाजपा समेत सभी दलों में मौजूद है। फिर भी, भाजपा की एक खासियत यह है कि वहां पारिवारिक पृष्ठभूमि अपने–आप नेतृत्व में तब्दील नहीं होती। यह एक ऐसी पार्टी है जहां अवसर अर्जित करना जरूरी होता है और जहां किसी व्यक्ति का उत्थान उसके काम, प्रतिबद्धता एवं जनता के विश्वास पर निर्भर करता है, न कि वंश पर। भाजपा में एक पारिवारिक पहचान एक दरवाजा तो खोल सकता है, लेकिन उस दरवाजे को हमेशा के लिए खुला नहीं रख सकता।


यह एक मौलिक अंतर है। राजनीतिक रिश्तेदारी अपने आप में कोई समस्या नहीं है। लेकिन वंशानुगत नियंत्रण एक समस्या है। जब नेतृत्व एक ही परिवार की मिल्कियत बन जाए, जब आंतरिक बहस की जगह रक्त संबंधों के प्रति निष्ठा ले ले, तो लोकतंत्र मुरझा जाता है। राजनीतिक संस्कृतियों के बीच का यह अंतर काफी गहरा है। वर्ष 2000 से, भारतीय जनता पार्टी के आठ राष्ट्रीय अध्यक्ष हुए हैं– बंगारू लक्ष्मण, जना कृष्णमूर्ति, वेंकैया नायडू, लालकृष्ण आडवाणी, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, अमित शाह और जेपी. नड्डा। ये सभी अलग–अलग क्षेत्रों एवं पृष्ठभूमि से आए हैं और इनमें से प्रत्येक संगठनात्मक कार्य के अनुशासन के रास्ते आगे बढ़े हैं। इसी अवधि के दौरान, कांग्रेस के मात्र तीन अध्यक्ष ही हुए हैं जिनमें से दो गांधी परिवार से हैं। सोनिया गांधी उन्नीस वर्षों तक इस पद पर रहीं और आज भी पार्टी में इस परिवार का निर्णय ही अंतिम होता है।

इंडियन एक्सप्रेस का विश्लेषण, इन अंतरों को कम करके मौलिक रूप से भिन्न राजनीतिक हकीकतों को एक जैसा बना देता है। आकस्मिक रिश्तेदारी और संस्थागत कब्जे के बीच अंतर किए बिना ही, यह विश्लेषण राजनीति में रिश्तेदारों वाले विधायकों की संख्या की गिनती करता है। भाजपा के 2,078 विधायकों में से 84 राजनीतिक परिवारों से आते हैं जो लगभग चार प्रतिशत है। कांग्रेस के 857 विधायक हैं जिनमें से 73 वंशवादी हैं जो लगभग नौ प्रतिशत है। आनुपातिक रूप से मापने पर, कांग्रेस का वंशवादी घनत्व दोगुना है। फिर भी, इस लेख में संख्याओं की गिनती का हवाला देकर एक झूठी समरूपता गढ़ी गई है।

कांग्रेस से परे भी, सत्ता का एक परिवार विशेष के हाथों में केन्द्रित होना ही कई क्षेत्रीय दलों की पहचान है। समाजवादी पार्टी की बागडोर मुलायम सिंह यादव से निकलकर अखिलेश यादव के पास चली गई। राष्ट्रीय जनता दल यादव परिवार के ही अधीन है। द्रमुक की लगाम एम. करुणानिधि से एम. के. स्टालिन और अब उदयनिधि स्टालिन के पास चली गई। तृणमूल कांग्रेस ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक के इर्द–गिर्द ही घूमती है। झारखंड मुक्ति मोर्चा पर सोरेन परिवार का नियंत्रण बना हुआ है। ये बहुलवादी नेतृत्व के नहीं, बल्कि विरासत में मिले नेतृत्व के उदाहरण हैं। परिवार को हटा दिया जाये, तो पार्टी ढह ही जाये।

इस बात को समझने के लिए कि भाजपा अलग तरह से क्यों काम करती है, हमें इसके संस्थागत ढांचे पर गौर करना होगा। भाजपा का संगठन स्तरीकृत, सामूहिक और लक्ष्य–उन्मुख है। वहां कार्यकर्ताओं को बहुत जल्दी ही पहचान लिया जाता है और उन्हें व्यवस्थित कार्यक्रमों के जरिए प्रशिक्षित किया जाता है

# "बाबा का बुलडोजर" - नारों से गूंजता बिहार



गुलफिशा खान

जैसा कि उम्मीद थी कि छठ पर्व का समापन होते ही बिहार के सियासी मैदान में सरगर्मियां तेज हो गई हैं। बीते दिनों एनडीए और महागठबंधन के तमाम बड़े नेता मैदान में उतरे और विपक्षियों पर तीखे हमले किए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और भाजपा के फायर ब्रांड नेता योगी आदित्यनाथ जहां अपने चुनाव प्रचार के दौरान जंगलराज को लेकर बरसे, वहीं राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर विवादित बयान दे डाला। अमित शाह ने लालू पर अपने बेटे को सीएम और सोनिया पर राहुल को पीएम बनाने का सपना देखने का दावा करते हुए करारे वार किए, तो तेजस्वी ने करप्शन, क्राइम और कम्युनलिज्म से समझौता न करने का वादा किया।


जहां तक उत्तर प्रदेश के भगवाध ारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सवाल है तो यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ बिहार में जमकर गरजे। रघुनाथपुर में रैली को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि बिहार में "डबल इंजन की सरकार" अराजकता फैलाने वालों को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति पर चल रही है। एनडीए में शामिल दल राज्य में फिर से 'जंगल राज' कायम करने के किसी भी प्रयास को नाकाम कर देंगे। वहीं दूसरी ओर सिवान में हुंकार भरते हुए योगी ने आरजेडी द्वारा शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा को उम्मीदवार



बनाने पर हमला बोला और कहा कि कांग्रेस, आरजेडी और सपा जैसे दलों को शोभा दे सकता है कि वे किसी पेशेवर अपराधी को गले लगाकर किसी बाबर और औरंगजेब की मजार में सजदा पढ़ें, लेकिन यह किसी सच्चे भारतीय को शोभा नहीं देता है। जबकि इस सबके बीच दिलचस्प यह रहा कि बिहार में चुनावी सरगर्मी के बीच सीवान जिले में एक अनोखा और अप्रत्याशित नजारा देखने को मिला. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चुनावी सभा में लोग न सिर्फ़ भारी संख्या में जुटे, बल्कि अपने साथ बुलडोजर लेकर सभा स्थल पर पहुंचे. जैसे ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंच पर पहुंचे, पूरा इलाका जय श्री राम और बाबा का बुलडोजर के नारों से गूंज उठा। विदित हो कि यह चुनावी सभा रघुनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में एनडीए उम्मीदवार विकास सिंह उर्फ जीशू सिंह और दरौली विधानसभा क्षेत्र से विष्णु देव पासवान के समर्थन में आयोजित की गई थी।

यहां यह बताते चलें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने से पहले ही बड़ी संख्या में लोग बुलडोजर लेकर सभा स्थल पर पहुंच गए थे। जब बुलडोजर लेकर पहुंचे समर्थकों से पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ को बुलडोजर बाबा कहा जाता है। इसलिए वे अपना समर्थन दिखाने के लिए यहां बुलडोजर लेकर आए हैं। लोगों ने खुलकर अपनी इच्छा जाहिर करते हुए कहा कि हम लोग चाहते हैं कि बिहार में भी योगी जी जैसा मुख्यमंत्री हो। जबकि वहीं मंच पर आते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिहार की जनता से भाजपा और एनडीए प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। उन्होंने अपने संबोधन में बिहार में अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया। योगी आदित्यनाथ ने कहा, बिहार में अब अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ बुलडोजर चलना जरूरी है। जैसे उत्तर प्रदेश में माफिया राज खत्म हुआ, वैसे ही बिहार में भी सुशासन की जरूरत है। सीवान की इस सभा में उमड़ी हजारों की भीड़ और बुलडोजर की मौजूदगी ने स्पष्ट कर दिया कि योगी आदित्यनाथ की बुलडोजर छवि का असर बिहार की राजनीति में भी दिखाई दे रहा है।

# एनडीए के लिए नीतीश ज़रूरी क्यों?



शबाब हुसैन

बिहार चुनाव की तारीखें जैसे–जैसे करीब आती जा रही हैं वैसे वैसे ही नेताओं के बयान और तीखे होते दिख रहे हैं। एनडीए और महागठबंधन के नेता अपनी–अपनी चुनावी रैली में एक दूसरे पर तीखे हमले करते नजर आ रहे हैं। ऐसी ही एक चुनावी रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी को लेकर विवादित बयान दिया है। राहुल गांधी ने अपनी रैली में कहा कि आज की तारीख में पीएम मोदी वोटों के लिए कुछ भी कर सकते हैं।

जैसा कि उल्लेखनीय है कि छठ पर्व समाप्त होते ही बिहार विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार ने जोर पकड़ लिया है। जहां महागठबंधन ने तेजस्वी प्रण के नाम से अपना घोषणापत्र जारी कर दिया। वहीं वहीं दूसरी ओर एनडीए ने अपने एजेंडा फॉर गवर्नेंस जारी कर दिया। इस बीच, एनडीए के लिए नीतीश कुमार एक बार फिर बिहार में सबसे बड़ा चेहरा बन कर सामने आए हैं। विपक्ष पूछ रहा है कि एनडीए नीतीश कुमार को फिर सीएम बनाएगा या नहीं। क्या भाजपा महाराष्ट्र की ही तरह बिहार में भी सहयोगी दलों को किनारा कर अपना सीएम तो नहीं बना देगी। इन सबके बीच भाजपा बार–बार कह रही है कि नीतीश कुमार ही एनडीए का चेहरा हैं। वे मुख्यमंत्री थे, हैं और रहेंगे। भाजपा ने नारा भी दे दिया है– पच्चीस से तीस, मोदी और नीतीश। जो यह बताता है कि बिहार की राजनीति के लिए नीतीश कुमार अपरिहार्य हैं। बीस साल के शासन के बावजूद उनकी वोट खींचने की क्षमता कम नहीं हुई है। उनके स्वास्थ्य को लेकर तरह–तरह की बातें की जाती हैं, लेकिन इन बातों का उनके राजनीतिक करिश्मे पर विपरीत असर नहीं हुआ है। जेडीयू के नेताओं का दावा है कि नीतीश कुमार के स्वास्थ्य के बारे में सवाल उठा कर विपक्ष ने अपना ही नुकसान किया है क्योंकि जनता में इससे नीतीश के प्रति सहानुभूति पैदा हो रही है। उनके समर्थक मानते हैं कि यह नीतीश कुमार का आखिरी विधानसभा चुनाव है और ऐसे में उनका खुल कर समर्थन करना जरूरी है। उनके मुताबिक तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करने से



महागठबंधन को कोई अतिरिक्त लाभ नहीं होगा क्योंकि यह मान कर चला जा रहा था कि महागठबंधन के नेता वहीं हैं। इसी तरह लड़ाई नीतीश बनाम तेजस्वी बनाना भी विपक्ष को भारी पड़ेगा क्योंकि नीतीश कुमार का अनुभव और प्रशासनिक क्षमता तेजस्वी से बहुत अधिक है।

जेडीयू नेताओं के अनुसार ऐसी कई बातें हैं जो नीतीश कुमार के पक्ष में जा रही हैं। नीतीश कुमार ने कई फैसलों से महिला मतदाताओं को साधा है। चाहे नौकरियों में 33 प्रतिशत आरक्षण हो या फिर पंचायत में पचास प्रतिशत आरक्षण. मुख्यमंत्री रोजगार योजना के माध्यम से 1 करोड़ बीस लाख महिलाओं के बैंक खातों में चुनाव से ठीक पहले और चुनाव के दौरान भी दस हजार रुपए देना मास्टर स्ट्रोक है। यह संख्या दो करोड़ महिलाओं तक पहुंच जाएगी और बिहार के करीब तीन करोड़ परिवारों के हिसाब से देखें तो दो–तिहाई परिवारों में यह रकम आने से बड़ा प्रभाव पड़ेगा। जेडीयू नेताओं के अनुसार यह संदेश भी दिया गया है कि बाद में यह रकम बढ़ाई भी जा सकती है। इसी तरह शराबबंदी पर पुनर्विचार की बात को पूरी तरह से खारिज करके भी महिला मतदाताओं को बड़ा संदेश दिया गया है। दूसरी ओर, महागठबंधन ताड़ी से प्रतिबंध हटाने और शराबबंदी के नियमों को लागू करने के तरीकों पर विचार करने की बात कह रहा है।

सुशासन बाबू के रूप में नीतीश कुमार ने बिहार में अपनी एक अलग छवि बनाई है। यह लालू–राबड़ी के पंद्रह साल के राज के इतर है जिसे एनडीए जंगलराज कहता है। कानून–व्यवस्था की स्थिति सुधारना, सड़क–बिजली–पानी के हालात बेहतर करना, स्कूली शिक्षा और स्वास्थ्य के मोर्चे पर हालात सुधारना, युवाओं को रोजगार और नौकरियां देने के लिए पहल करना, नीतीश कुमार के पिछले दो दशक के कार्यकाल की कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धियां हैं जिनके चलते बिहार की स्थिति में सुधार हुआ है। अब अगले पांच साल के लिए एक करोड़ रोजगार और नौकरियां देने का वादा किया गया है। युवाओं के पलायन को रोकने के लिए भी कई बड़े कदम उठाने की बात की जा रही है। इसी तरह नीतीश कुमार ने बिहार में अपना एक अलग वोट बैंक तैयार किया है। कुर्मी–कोइरी–कुशवाहा के अलावा उन्होंनें गैर यादव ओबीसी और अति पिछड़े वर्ग को मजबूती से एनडीए में जोड़ा है। महादलित श्रेणी बना कर इस वर्ग के लिए कई बड़ी योजनाओं की शुरुआत कर मजबूती से अपने साथ खड़ा कर लिया। वहीं भाजपा सामान्य वर्ग के मतदाताओं को एनडीए के पाले में लाती है। इस तरह महागठबंधन के मुस्लिम–यादव वोट के आगे एनडीए का अपना इंद्रधनुषी जातीय गठजोड़ खड़ा है जो उसकी स्थिति को मजबूत करता है।

हालांकि पिछले कुछ महीनों से उनके स्वास्थ्य की खबरों और सार्वजनिक मंचों पर उनके कुछ क्रियाकलापों से ऐसा संदेश गया कि सरकार से उनकी पकड़ ढीली हो रही है। इसीलिए विपक्ष आरोप लगाता है कि इस कारण भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिला क्योंकि कुछ मंत्रियों को मनमानी करने का मौका मिल गया। हालांकि इतने वर्षों तक सरकार की कमान संभालने के बावजूद नीतीश कुमार की छवि बेदाग है। फिर भी, एंटी इंकमबेंसी से बचने के लिए कई मंत्रियों और विधायकों के टिकट काटे गए हैं। नीतीश कुमार ने अपने परिवार को राजनीति से दूर रख कर भी वंशवाद के आरोप स्वयं पर नहीं लगने दिए। यह बात उनके पक्ष में जाती है क्योंकि दूसरी ओर महागठबंधन की अगुवाई लालू प्रसाद के बेटे तेजस्वी यादव कर रहे हैं। यही सब कारण हैं जो नीतीश कुमार को बिहार में एनडीए का निर्विवादित नेता बनाते हैं। 2015 में भाजपा अलग चुनाव लड़ कर देख चुकी है। उसका अपना अंदरूनी आकलन भी यही कहता है कि बिहार में नीतीश को साथ लेकर ही सरकार बनाई जा सकती है। इसीलिए चाहे भाजपा बिहार में छोटे भाई से जुड़वा भाई की भूमिका में आ चुकी हो, लेकिन महाराष्ट्र की तरह बड़ा भाई बनने से पहले बहुत सोच–विचार करेगी।

# जीवन के संघर्षों से लड़िए



Vkजकल लोग जरा सी बात पर सुसाइड कर रहे हैं। देश में विभिन्न कारणों से सभी वर्गों के लोगों में आत्महत्या करने की मनोवृत्ति बहुत तेजी से बढ़ रही हैं जिससे बड़ी संख्या में परिवार उजड़ रहे हैं। अधिकांश परिवारों के इकलोते चिराग असमय बुझ रहे हैं। आपको बता दें कि आए दिन आत्महत्या के मामलों की झड़ी लगी है इसमें प्रशासनिक अधिकारी पुलिस अधिकारी से लेकर आम आदमी तक जिंदगी की जंग से हार कर सुसाइड कर रहे हैं।

पिछले दिनों एडीजीपी वाई पूरण कुमार ने गोली मार खुदकुशी कर ली। चंडीगढ़ के सेक्टर–11 में घर के बेसमेंट में बने कमरे में पीएसओ की सर्विस रिवॉल्वर से गोली मारी गई। आठ पेज का सुसाइड नोट, एक दिन पहले लिखी गई वसीयत भी मिली है। एक दिन पहले रिश्वत मांगने के मामले में उनका सुरक्षाकर्मी गिरफ्तार हुआ था। एडीजीपी जैसे स्तर पर तैनात अधिकारी भी यदि सुसाइड जैसा कायरता भरा कदम उठाता है तो समाज में गहरे तक टूट रहे आत्मविश्वास, धैर्य और संघर्ष की नैतिक साहस की समीक्षा की जानी चाहिए।

एडीजीपी आईपीएस वाई पूरन कुमार की आत्महत्या के बाद हरियाणा पुलिस महकमा में हड़कंप मचा हुआ है। आईपीएस पूरन कुमार के बाद एएसआई संदीप लाठर ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। रोहतक आईजी ऑफिस की साइबर सेल में तैनात एएसआई संदीप लाठर ने छह दिन बाद अपने सिर में गोली मारकर खुदकुशी कर ली। एएसआई ने एडीजीपी पूरन सिंह पर तमाम आरोप सुसाइड नोट में लगाएं हैं लेकिन सवाल फिर ज्यों का त्यों है कि आखिर ये लोग यदि विभागीय कार्यप्रणाली से या उच्च पदस्थ अधिकारियों के व्यवहार से परेशान थे तो अदालत क्यों नहीं गए? क्या समर्थ सक्षम आईपीएस अधिकारी को भी देश की न्याय व्यवस्था या उच्चधिकारियों पर भरोसा नहीं है?

अब कुछ और वारदातों पर नजर डालिए। महाराष्ट्र के सातारा जिले में 28 वर्षीय महिला डॉक्टर की रहस्यमयी आत्महत्या ने पूरे राज्य को हिला दिया है। इस मामले में बड़ा अपडेट सामने आया है। पुलिस ने आरोपी पुलिस उपनिरीक्षक गोपाल बदाने को गिरफ्तार कर लिया है, जिस पर पीड़िता ने यौन शोषण और ब्लैकमेलिंग के गंभीर आरोप लगाए थे। आपको बता दें सतारा (महाराष्ट्र) में फलटन तहसील के एक सरकारी अस्पताल की इस महिला डाक्टर ने आत्महत्या कर ली। अपनी हथेली पर लिखे सुसाइड नोट में डाक्टर ने एक पुलिस उप निरीक्षक गोपाल बदाने पर उसके साथ कई बार बलात्कार करने और प्रशांत बांकर नामक एक अन्य पुलिस कर्मी पर उसे मानसिक रूप से परेशान करने के आरोप लगाए हैं। सरकारी सेवा में पदस्थ एक डाक्टर भी यदि किसी अप्रिय घटना का शिकार बन जाने पर देश की अदालतों पर भरोसा नहीं कर रहा है कि उसे न्याय मिलेगा तो यह बेहद चिंताजनक है। इसी तरह कुछ और वारदातों से आपको अवगत कराते है।

देवरिया (उत्तर प्रदेश) में अपनी 6 वर्षीय बेटी के बलात्कार से आहत उसके पिता ने आत्महत्या कर ली। बलात्कार करने वाला इसी बच्ची के पिता का मित्र था जो उनके साथ एक ही मकान में किराए पर रहता था। कोटा (राजस्थान) में सरकारी मैडीकल कालेज में एमबीबीएस की तीसरे वर्ष की छात्रा प्राची मीणा ने हाल ही में सम्पन्न परीक्षा में कम अंक पाने के कारण डिप्रैशन में आत्महत्या कर ली। मध्य मुम्बई में सोनू बराई नामक युवक ने अपनी प्रेमिका मनीषा यादव को मिलने के बहाने बुलाया। सोनू बराई को संदेह था कि मनीषा के किसी दूसरे युवक से अवैध सम्बन्ध ा हैं। इस कारण दोनों में झगड़ा हुआ और फिर सोनू ने चाकू से उसे मार डालने के बाद स्वयं भी अपना गला रेत कर अपने जीवन का अंत कर दिया। एर्नाकुलम (केरल) में श्भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की स्थानीय समिति के पूर्व सचिव पंकजाक्षन ने आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार पंकजाक्षन ने यह कदम आर्थिक कारणों से डिप्रेशन का शिकार होने के परिणामस्वरूप उठाया। लाडवा (हरियाणा) के बपदा गांव में 6 महीने की गर्भवती महिला काजल ने घर में फंदा लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतका की बहनों के अनुसार 22 अक्तूबर, 2023 को विवाह के बाद से ही काजल अपने ससुराल में दुखी थी। गनौर (हरियाणा) के गांव नया बांस में दहेज प्रताड़ना से तंग आकर रवीना नामक एक महिला ने फंदा लगा कर अपनी जान दे दी। मृतका के मायके वालों का आरोप है कि विवाह के बाद से ही उसे लगातार ससुराल वालों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था रायपुर (छत्तीसगढ़) में 25 वर्षीय नवविवाहिता मंजूषा गोस्वामी ने अपने पति आशीष द्वारा किसी बात पर नाराज होकर उसे थप्पड़ मार देने से आहत होकर फांसी लगा ली अलवर (राजस्थान) के गांव बहला में पैसों को लेकर अपने पिता से विवाद के चलते राहुल जाटव नामक युवक ने अपनी पत्नी की साड़ी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

कोयम्बटूर (तमिलनाडु) में डिफैंस सिक्योरिटी कोर के जवान एस. सानू ने सुल्लूर एयरफोर्स स्टेशन में अपने सर्विस रिवाल्वर से स्वयं को गोली मार ली। उसकी पत्नी का कहना है कि वह तनाव में था।

ये तो मात्र कुछ दिनों में सामने आई घटनाएं हैं। इन्हीं से अनुमान लगाया जा सकता है कि एक वर्ष में कितने लोग अपनी जान गंवा लेते होंगे। ज्यादातर करियर, दुर्व्यवहार, हिंसा, पारिवारिक समस्याएं, विवाह, काम सम्बन्धी तनाव, प्रेम प्रसंग, बलात्कार आदि समस्याएं आत्महत्याओं के कारण बन रही हैं। इनका एक मुख्य कारण संयुक्त परिवारों का न होना भी है। परिवार में कोई बड़ा–बुजुर्ग, माता–पिता आदि न होने के कारण अवसादग्रस्त व्यक्ति ऐसा कदम उठाने को प्रेरित हो जाता है और अपने पीछे परिवार को रोता–बिलखता छोड़ जाता है। ऐसी स्थिति से बचने के लिए बच्चों को बचपन से ही मानसिक तौर पर मजबूत बनाने की जरूरत है ताकि किसी भी स्थिति में उनका ध ैर्य नहीं टूटना चाहिए।दरअसल कोविड के बाद आम आदमी में जीवन के प्रति हताशा की सोच बन रही है। लोग छोटे–छोटे विवाद को लेकर जान देने पर आमादा हो जाते हैं। अधिकारी, व्यापारी, किसान, सेवारत लोगों से लेकर छात्र और नाबालिग भी जीवन से हताश होकर आत्महत्या कर रहे हैं। समाज शास्त्रियों के लिए यह शोध का विषय है कि आखिर जीवन के प्रति इतनी हताशा कहां से आ रही है? ¼fgQh½

# भगवान विष्णु पूर्ण करते सभी मनोकामनाएं



हिन्दू धर्म में एकादशी तिथि अत्यंत पवित्र और शुभ मानी जाती है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष में यह एकादशी आती है। मान्यता है कि इसी दिन भगवान विष्णु चार माह की योग निद्रा से जागृत होते हैं और कार्तिक माह की एकादशी से सृष्टि का कार्यभार पूरी तरह संभालते हैं । इसीलिए शुभ कार्य और मांगलिक कार्य विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष एकादशी से शुरू हो जाते हैं। देवउठनी एकादशी को देव प्रबोधिनी एकादशी, देवोत्थान एकादशी और प्रबोधिनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन माता तुलसी का भगवान शालिग्राम से विवाह कराने की परंपरा है जो एक महत्वपूर्ण और पुण्यदायी कार्य माना जाता है। एकादशी की कहानी भगवान विष्णु के शरीर से उत्पन्न हुयी एक देवी से जुड़ी है जिन्होंने मुर नामक दैत्य का वध किया था और भगवान विष्णु के शरीर से इस देवी का जन्म हुआ था। भगवान विष्णु जब योग निद्रा में थे तब मुर ने उन पर हमला किया था। भगवान विष्णु ने अपने मन की शक्ति से एकादशी देवी को उत्पन्न किया जो देवी ग्यारह इंद्रियों (पांच ज्ञानेन्द्रिय, पांच कर्मेंद्रिय कहलाई। भगवान विष्णु ने देवी को वरदान दिया कि उनके व्रत का पालन करने से मनुष्य के पाप नष्ट होंगे और उसे विष्णु लोक की प्राप्ति होगी। देवउठनी एकादशी की कहानी मुख्य रूप से भगवान विष्णु के चार माह की निद्रा के बाद जागने से संबंधित है। एक अन्य कथा के अनुसार एक राजा ने एक व्यक्ति को एकादशी पर अन्न न देने की शर्त पर नौकरी दी थी। एकादशी के दिन फलहार से उस व्यक्ति का पेट नहीं भरता तो वो अन्न मांगने के लिए राजा के पास जाता है। राजा के मना करने पर वह व्यक्ति किनारे भोजन बनाता है और विष्णु को निमंत्रण देता है। व्यक्ति के निमंत्रण पर भगवान विष्णु प्रकट होते हैं और उसके साथ भोजन करते हैं। राजा को यह देखकर ज्ञान होता है कि व्रत के साथ–साथ मन की शुद्धता भी जरूरी है।इसके अतिरिक्त एक और कथा है जो भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी की है। देवी लक्ष्मी भगवान विष्णु से कहती हैं कि वह दिन–रात जागते हैं और जब सोते हैं तो करोड़ों वर्ष के लिए सो जाते हैं जिससे उनका आराम भी हो जाता है। भगवान विष्णु उनकी बात मान लेते हैं और कहते हैं कि वह हर साल वर्षा ऋतु में चार मास के लिये शयन करेंगे। वह यह भी कहते हैं कि इस दौरान जो भी भक्त उनके शयन की भावना करके उनकी सेवा करेंगे वे उन भक्तों के घर में निवास करेंगे। ऐसा मानना है कि एकादशी के व्रत में चावल नहीं खाना चाहिये

## विधायन समिति के सभापति बने विधायक राजीव



न्यूज वाणी ब्यूरो

शाहजहांपुर, मीरानपुर कटरा। दातागंज (बदायु) से विधायक राजीव सिंह को विधायन समिति का सभापति (दर्जा राज्यमंत्री) बनाया गया है। विधायक राजीव सिंह के विधायन समिति का सभापति बनाए जाने के बाद प्रथम कटरा आगमन पर पूर्व विधायक वीरेंद्र प्रताप सिंह मुन्ना के नेतृत्व में फूल मालाओ से लाद कर स्वागत किया गया। पूर्व विधायक वीरेंद्र प्रताप सिंह मुन्ना ने राजीव सिंह को नवीन दायित्व की बधाइयां दी। इस दौरान निवर्तमान ब्लाक प्रमुख नरेंद्र कुमार गुप्ता उर्फ लल्ला भैया पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता भूमि विकास बैंक के सभापति अंशुल गुप्ता भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट सगीर खान डबौरा वाले सत्यपाल एडवोकेट अमित मिश्रा सचिन गुप्ता अर्पण मिश्रा विश्वनाथ त्रिपाठी रवि त्रिपाठी आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## लौह पुरुष की जयंती पर बच्चों ने एकता की दिखाई झलक



न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। तहसील क्षेत्र के मोहल्ला चौपड़ी टोला में संचालित चिल्ड्रेन पैराडाइज कॉन्वेंट स्कूल व मदरसा रिजवानुल उलूम में शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवन आदर्शों पर चलने की शपथ ली गई। विद्यालय में प्रधानाध्यापक इकरा खान के नेतृत्व में शिक्षकों और बच्चों ने सरदार पटेल को पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान अधिवक्ता एहतिशाम बेग ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवन शैली पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को अहम जानकारी हासिल कराई। जेबा, नाजिया, रहनुमा खान, अमन नाग, कहकशा सहित अन्य अध्यापकों ने सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके आदर्शों पर चलने की शपथ ली। इसी क्रम में विद्यालय के बच्चों ने राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया और तरह–तरह तरीकों से यूनिटी इस स्ट्रेंथ कि पोज देकर सभी को आकर्षित भी किया।

## मतदाता विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को लेकर शुरू हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। चार नवम्बर से शुरू हो रहे मतदाता विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में 206 सुपरवाइजर, 5 ईआरओ, 30 एईआरओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम 200 सैय्या अस्पताल के हॉल में आयोजित किया गया। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने इस प्रशिक्षण में पहुंचकर प्रशिक्षण की बारीकियां को देखा और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे एआरओ एवं एईआरओ और सुपरवाइजरों को महत्वपूर्ण निर्देश भी निर्गत किए। उन्होंने सभी संबंधितों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी संबंधित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को गंभीरता से करें, ताकि एसआईआर की प्रक्रिया को भली प्रकार संपन्न किया जा सके। अगर इसमें किसी प्रकार की लापरवाही देखी गई तो निलंबन की कार्यवाही की जाएगी, यह संपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम अश्वनी कुमार जैन व अशोक कुमार अनुरागी और हिमांशु शर्मा द्वारा दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने एसआईआर पर कहा कि प्रत्येक बीएलओ घर–घर जाकर गणना प्रपत्र भरवाते समय इसके सभी कॉलम को भरवाएगा तथा दो मंजिली इमारत में बिल्डिंग का नाम, तल का नाम, अपार्टमेंट का नाम इत्यादि स्पष्ट रूप से भरा जाएगा। मतदेय स्थल का नाम भी अद्यतन दर्ज किया जाएगा। बीएलओ प्रतिदिन कम से कम 50 मतदाताओं का गणना प्रपत्र भरवाएंगे, बीएलओ द्वारा प्रतिदिन भ्रमण किए गए परिवारों का विवरण बीएलओ रजिस्टर में दर्ज करना होगा। जिलाधिकारी ने सभी सुपरवाइजरों को कड़े शब्दों में निर्देशित करते हुए कहा है कि यह कार्य बीएलओ द्वारा गुणवत्तापूर्ण निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे, प्रशिक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता, सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार आदि अधिकारी उपस्थित रहें।

## वल्लभ भाई पटेल की मनाई जयंती



न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। आदर्श कैलाश नाथ इंटर कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य अवधेश कुमार अवस्थी ने राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रतीक सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके बाद कॉलेज के समस्त स्टाफ ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजली दी। विद्यालय के विद्यार्थियों व स्टाफ द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया। जो मोहल्ला बेहटी, बसैहिया टोला, काजीटोला होकर निकाली गई। देशभक्ति के नारों से संपूर्ण वातावरण गुंजायमान हो रहा था। एनएसएस के स्वयंसेवक सेविकाओं ने रन फार यूनिटी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सरदार पटेल से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सरदार पटेल के चित्र, पोस्टर प्रतियोगिता में कक्षा 12 विज्ञान वर्ग की छात्रा सारिका मौर्या प्रथम व तनुष्का जायसवाल द्वितीय स्थान पर रहीं। विजेता छात्राओं को पुरस्:त किया गया। प्रधानाचार्य अवधेश कुमार अवस्थी ने कार्यक्रम की सराहना की और सभी का आभार व्यक्त किया।

# सीडीओ ने लौह पुरुष की जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों की दी जानकारी





न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर जनपद में आयोजित किए जा रहे आगामी कार्यक्रमों व अन्य गतिविधियों के विषय में बताया गया। मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने जानकारी देते हुए बताया कि लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय माय भारत के माध्यम से विकसित भारत पद यात्राएं आयोजित कर रहा है। जिसका उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति, कर्तव्य भावना एवं राष्ट्रीय गौरव जगाने के साथ साथ समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाना और एकता की भावना को मजबूत करना है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन भागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है। इसमें युवा से लेकर वरिष्ठ नागरिक तक, सभी मिलकर देश के इतिहास को याद करते हैं और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाते हैं। खासकर अमृत पीढ़ी यानी आज के युवाओं की भूमिका पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिसके तहत 6 अक्टूबर को मंत्रालय ने 150 यूनिटी मार्च की शुरुआत की। सरदार पटेल ने जिस तरह बिखरे हुए भारत को एक भारत बनाया, उसी भावना को यह पदयात्रा आगे बढ़ाएगी। 6 अक्टूबर से शुरू किए गए इस अभियान के जरिए युवाओं को एक भारत और आत्मनिर्भर भारत के आदर्श अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में शुक्रवार, आज सुबह साढ़े छह बजे से गांधी पार्क में विशाल संगोष्ठी के साथ साथ एक पदयात्रा का भी आयोजन किया गया है। जिसमें पर्यटन मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ साथ विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संगठनों के कार्यकर्ता और युवा प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि, सभी पंजीकरण और गतिविधियाँ माई भारत पोर्टल पर हो रही हैं। साथ ही समस्त जनपद वासियों से अपील की है कि, वे इस ऐतिहासिक पहल में जुड़ें और सक्रिय भागीदारी करें। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से जिला विद्यालय निरीक्षक, नगर मजिस्ट्रेट व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसपी समेत भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगाई एकता की दौड़



न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर बुधवार को जिले में रन फॉर यूनिटी (एकता दौड़) का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस भव्य आयोजन में पुलिस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे पूरे शहर में राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश गूंज उठा। पुलिस की एकता दौड में एसपी अंकुर अग्रवाल ने दिलाई शपथ पुलिस ने शहर में रन फॉर यूनिटी का सफल आयोजन किया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल स्वयं महिला और पुरुष आरक्षियों के साथ इस दौड़ में शामिल हुए। दौड़ की शुरुआत बहुगुणा चौराहे से हुई और लगभग 1.9 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद तरुणताल परिसर में इसका समापन किया गया। इस अवसर पर एसपी अंकुर अग्रवाल ने सभी पुलिस कर्मियों को राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने जिस एकजुट भारत का सपना देखा था, उस भावना को हमें अपने कार्यों से साकार करना है। दौड़ के दौरान रास्ते में जगह–जगह मौजूद लोगों ने पुलिस कर्मियों पर फूलों की बरसात कर उनका उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर एएसपी आलोक सिंह, सीओ सिटी विनायक भोसले, सीओ सदर नेहा त्रिपाठी सहित सैकड़ों पुलिस कर्मी मौजूद रहे। मंत्री रजनी तिवारी रहीं शामिल दूसरी ओर, भारतीय जनता पार्टी की ओर से भी रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इसमें राज्य मंत्री (बेसिक शिक्षा) रजनी तिवारी समेत कई कार्यकर्ता और युवा शामिल हुए। मंत्री रजनी तिवारी ने सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने देश की 562 रियासतों को एकजुट कर अखंड भारत की नींव रखी थी। उन्होंने देश के युवाओं से सरदार पटेल के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान करने का आह्वान किया। मंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में विकसित भारत का सपना साकार हो रहा है, जिसमें युवाओं की भूमिका सबसे अहम है। ऐसे आयोजनों से देश में एकता, अनुशासन और देशभक्ति की भावना मजबूत होती है। जिले के प्रभारी मंत्री ने भी इससे पूर्व सरदार पटेल की 150 वीं जयंती को भव्यता से मनाने के लिए अधिकारियों को कई निर्देश दिए थे, जिसके तहत विद्यालयों में भी भाषण, निबंध और रंगोली जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई हैं। यह रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम सीतापुर में राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने का एक सफल प्रयास रहा, जिसने एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को मजबूत किया।

## कालर ग्राउंड पर गूंजा इलेवन स्टार कप, दर्शकों ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला



न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। कस्बा खीरी के कॉलर ग्राउंड में चल रहे इलेवन स्टार कप स्टेट टूर्नामेंट का तीसरा दिन शुक्रवार को रोमांचक मुकाबलों से भरा रहा। ओलंपिक संघ उत्तर प्रदेश से मान्यता प्राप्त इस राज्यस्तरीय टूर्नामेंट में प्रदेशभर की कई टीमें भाग ले रही हैं। शुक्रवार को खेले गए पहले मुकाबले में जनपद हरदोई और जहानाबाद की टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। हरदोई ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जहानाबाद को 2–0 से मात दी और मुकाबला अपने नाम किया। वहीं दिन के दूसरे मैच में गोला और शाहजहांपुर की टीमों के बीच जबरदस्त टक्कर हुई, जिसमें गोला ने 2–1 से जीत दर्ज की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों मोहम्मद अरसलान, सईद मिर्जा, जकी रिजवी और चेयरपर्सन प्रतिनिधि के भाई अतीक अहमद उर्फ बाबा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से खेल भावना और अनुशासन के साथ खेलने का संदेश दिया। मैदान में सैकड़ों दर्शक मौजूद रहे, जिन्होंने दोनों मुकाबलों के दौरान खिलाड़ियों का जोश बढ़ाया। दर्शकों में बच्चों और युवाओं का विशेष उत्साह देखने को मिला। टूर्नामेंट आयोजन समिति के अध्यक्ष हाजी अब्दुल जलील खान ने बताया कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य स्थानीय खिलाड़ियों को राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में भागीदारी का अवसर देना है, जिससे वे आगे बढ़ सकें। मैचों में निर्णायक की भूमिका वकील खान ने निभाई। पूरे दिन मैदान पर खेल भावना का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। आयोजन की व्यवस्थाओं में नगर पंचायत खीरी का विशेष योगदान रहा। कॉलर ग्राउंड की साफ–सफाई, मैदान की तैयारी और दर्शकदीर्घा की व्यवस्था नगर पंचायत की ओर से की गई, जिससे खिलाड़ियों और दर्शकों को सुगम वातावरण मिला। टूर्नामेंट के अगले मैचों को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में उत्सुकता बनी हुई है। कॉलर ग्राउंड पर लगातार हो रहे मुकाबलों से कस्बे में खेल का माहौल बन गया है और स्थानीय खिलाड़ियों में नई ऊर्जा देखने को मिल रही है।

## एसएसपी ने पुलिस लाइन में यातायात माह का किया शुभारंभ

### - हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को किया रवाना



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। रिजर्व पुलिस लाइन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा फीता काटकर यातायात माह नवम्बर का शुभारंभ किया गया। हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया गया। प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी नवम्बर माह को यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में एसएसपी द्वारा उपस्थित पुलिस कर्मियों नागरिकों एवं छात्र–छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। संबोधन में बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर लगातार बढ़ रही है, इसे रोकने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को संकल्प लेना होगा कि वह यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करेगा। दो पहिया वाहन चालक हेलमेट लगाएँ तथा चार पहिया चालक सीट बेल्ट का प्रयोग करें। वाहन को उचित स्थान पर पार्क करें एवं वाहन संबंधी सभी कागजात साथ रखें। टैम्पो चालक ओवरलोड सवारियाँ न बैठाएँ तथा तेज गति या शराब पीकर वाहन न चलाएँ। यातायात माह का उद्देश्य आमजन में यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। एसएसपी द्वारा यातायात उपकरण स्टॉल का भ्रमण कर उपकरणों के उपयोग की जानकारी ली गई तथा उनके प्रभावी प्रयोग हेतु यातायात पुलिस को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। इस अवसर पर 2.0 अभियान के अन्तर्गत नये आपराधिक कानूनों के प्रति भी जन–जागरूकता बढ़ाने हेतु उपस्थित जनसमूह को अवगत कराया गया कि नये विधि प्रावधान न्याय व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, संवेदनशील एवं जनसुलभ बनाने के उद्देश्य से लागू किए गए हैं। इन नये कानूनों का उद्देश्य दंड से न्याय की ओर की अवधारणा को साकार करना है। नये कानूनों मे विधिक प्रक्रिया अधिक पीड़ित–केंद्रित, पारदर्शी एवं त्वरित न्याय पर आधारित है, जिसमें महिला सुरक्षा, संगठित अपराध, साइबर अपराध एवं फॉरेंसिक साक्ष्यों के प्रयोग को विशेष प्राथमिकता दी गई है। इसके उपरांत यातायात माह नवम्बर के तहत जागरूकता रैली का शुभारंभ फीता काटकर किया गया तथा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर एसएसपी चौराहा, शास्त्री चौराहा, नौरंगाबाद चौराहा, पक्का तालाब चौराहा, पुलिस लाइन तिराहा होते हुए पुनः पुलिस लाइन में समाप्त हुई। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध/लाइन सुबोध गौतम, क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी यातायात एवं पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण सहित आमजन एवं स्कूली छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## रन फार यूनिटी के आयोजन में उमड़ा जनसैलाब, लिया एकता का संकल्प



न्यूज वाणी ब्यूरो

सिधौली, सीतापुर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में गुरुवार को सिधौली कस्बे में रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक दौड़ में स्थानीय नागरिकों, युवाओं, महिलाओं, पुलिस कर्मियों और विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया। नेतृत्व और मार्ग यह एकता दौड़ क्षेत्र अधिकारी कपूर कुमार के कुशल नेतृत्व में आयोजित की गई। दौड़ की शुरुआत डाक बंगले के परिसर से हुई, जो नगर के मुख्य मार्गों से गुजरती हुई वापस डाक बंगले पर आकर संपन्न हुई। इस दौरान, दौड़ के रूट पर शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की विशेष व्यवस्था की गई थी। सरदार पटेल को श्रद्धांजलि और संकल्प श्रन फॉर यूनिटीश में शामिल सभी प्रतिभागियों ने देश की एकता, अखंडता और भाईचारे को मजबूत करने का .ढ़ संकल्प लिया। क्षेत्राधिकारी कपूर कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने भारत की एकता और अखंडता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने युवाओं से पटेल के जीवन और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान से प्रेरणा लेने का आवाहन किया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह दौड़ मात्र एक शारीरिक गतिविधि नहीं, बल्कि एकता और राष्ट्रीयता की भावना का प्रतीक है। भागीदारी और समापन दौड़ में क्षेत्र के युवाओं, महिलाओं, पुलिस कर्मियों, विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राओं और शिक्षकों ने शाहपुर में हिस्सा लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। दौड़ के सफल समापन के बाद, सभी प्रतिभागियों को जलपान वितरित किया गया। इस अवसर पर नगर व क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक और कोतवाली प्रभारी बलवंत शाही सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने एकता के इस संदेश को और भी मजबूत किया।

## योगी जी के गड्ढा मुक्त अभियान को ठेंगा, बिसवां–लहरपुर मार्ग बना गड्ढा युक्त मौत का जाल



न्यूज वाणी ब्यूरो

बिसवां, सीतापुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गड्ढा मुक्त सड़क अभियान के दावों को जिले का बिसवां–लहरपुर मार्ग चकनाचूर करता नजर आ रहा है। इस महत्वपूर्ण मार्ग पर जगह–जगह बने विशालकाय गड्ढे न केवल यात्रियों के लिए भयंकर चोटों का कारण बन रहे हैं, बल्कि किसी भी समय बड़ी दुर्घटना को न्योता दे रहे हैं। सड़क के ठीक बीचों–बीच बना एक विशाल गड्ढा राहगीरों और वाहन चालकों के लिए सबसे बड़ी मुसीबत बन गया है। इस गड्ढे के कारण क्षेत्र में यातायात बुरी तरह बाधित हो रहा है और चालकों को आवागमन में गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग की दयनीय स्थिति के चलते अब तक कई यात्री चोटिल हो चुके हैं, और स्थानीय लोगों को आशंका है कि अगर जल्द मरम्मत नहीं हुई तो यह आंकड़ा और बढ़ेगा। स्थानीय निवासियों ने चेतावनी दी है कि यह गड्ढा किसी भी पल एक बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। कई छोटे–मोटे हादसे पहले ही हो चुके हैं। अतिरिक्त बाधारू गड्ढे के पास पेड़ों की मौजूदगी के कारण वाहनों को क्रॉसिंग के दौरान अतिरिक्त दिक्कत का सामना करना पड़ता है, जिससे जोखिम और बढ़ जाता है। स्थानीय जनता ने प्रशासन से तत्काल मरम्मत की मांग की है, ताकि आवागमन सुचारु हो सके और संभावित सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके। अब देखना यह है कि प्रशासन कब हरकत में आता है और इस जानलेवा गड्ढे को भर कर मुख्यमंत्री के गड्ढा मुक्त सपने को साकार करता है।

## नाबार्ड ने किया सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिले के बढ़पुरा ब्लॉक के चांदनपुर गाँव में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक, अरुण कुमार द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता और हितधारकों में सतर्कता और निष्ठा को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम के दौरान चांदनपुर गाँव में ग्राम सभा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें ग्रामीणों के बीच सतर्कता और निष्ठा के बारे में जागरूकता पैदा की गई। इस वर्ष के सतर्कता जागरूकता सप्ताह की थीम सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला गया। प्रतिभागियों ने निष्ठा की शपथ ली और उन्हें अपने व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में निष्ठा और ईमानदारी अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोकहित प्रकटीकरण और सूचनादाता संरक्षण पीआईडीपीआई संकल्प के बारे में जागरूकता पैदा की गई, जिसमें भ्रष्टाचार की रिपोर्टिंग और सूचनादाताओं की सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया गया। ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें सही उत्तर देने वालों को पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम का आयोजन अवार्ड्स संस्था व बी–पैक्स चादनपुर के सहयोग से किया गय

## डीएम-एसएसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन में मनाई लौह पुरुष की जयंती

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150 वीं जयंती मनाई गयी व राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय एकता शपथ दिलाकर किया गया तत्पश्चात रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया गया।



लौह पुरुष, भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय एकता शपथ दिलाकर किया गया तत्पश्चात रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत रिजर्व पुलिस लाइन से एसएसपी चौराहा, सरदार वल्लभ भाई पटेल चौराहा पक्का तालाब से नुमाइश चौराहा से होते हुये पुलिस लाइन में समापन किया गया तत्पश्चात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा रन फॉर यूनिटी के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को राष्ट्र की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय एकीकरण के संदेश से अवगत कराया गया एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी बताया गया कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। उनकी .ढ़ इच्छाशक्ति और देशप्रेम की भावना से ही आज हम एक अखंड भारत के रूप में खड़े हैं। हमें उनके आदर्शों पर चलते हुए राष्ट्र की एकता और सुरक्षा के प्रति समर्पित रहना चाहिए। साथ ही एसएसपी द्वारा यह भी बताया गया कि राष्ट्र की एकता और अखंडता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है यही सरदार पटेल जी का सच्चा संदेश है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध सुबोध गौतम तथा समस्त क्षेत्राधिकारी व पुलिस के अन्य अधि0 व कर्मचारीगण, रिक्रूट आरक्षी और व्यापार मण्डल, स्कूली छात्र–छात्राएं तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कालेज की छात्राएं शैक्षिक भ्रमण रवाना

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पीएमश्री राजकीय बालिका इण्टर कालेज में शुक्रवार को समग्र शिक्षा/पीएमश्री विद्यालय अभियान के अन्तर्गत विद्यालय में अध्ययनरत् कक्षा 09 से कक्षा 12 तक की छात्राऐं बसों के द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय आगरा कैम्पस में शैक्षिक भ्रमण हेतु शिक्षिकाओं के साथ गईं। प्रधानाचार्या अंजूश्री एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ ने प्रातः झण्डी दिखा कर बसों को रवाना किया। इस अवसर पर एसएमडीसी के सदस्य तथा अभिभावकगण मौजूद रहे।

# कृषि इंजीनियरिंग कालेज में मनाई लौह पुरुष की जयंती

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर .षि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के सभागार में राष्ट्रीय एकता दिवस पर एक कार्यक्रम डॉ एनके शर्मा अधिष्ठाता के निर्देशन में आयोजित किया गया। जिसमें सबसे पहले सरदार पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर नमन किया गया इसके उपरांत डॉक्टर केके पटेल, सहअधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा उपस्थित सभी लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में डॉक्टर जेपी यादव, डॉक्टर देवेंद्र सिंह, डॉक्टर टीके माहेश्वरी सहित अन्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये। नवीन छात्र–छात्राओं में दीपक तिवारी ने राष्ट्रीय एकता पर काव्य पाठ प्रस्तुत किया जोकि बहुत ही सराहनीय रहा कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर श्वेता दुबे द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में नव प्रवेशित छात्रों के साथ–साथ इंजीनियर दिलीप कुमार वर्मा, डॉ राजीव सिंह, सतेंद्र पाल, इंजी. नीरजा शर्मा सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# खाद लेने निकले किसान की तालाब में डूबने से मौत, मिर्गी का दौरा बना काल



न्यूज वाणी ब्यूरो

अटरिया, सीतापुर। जनपद के अटरिया थाना क्षेत्र के केशरीपुर गांव में शुक्रवार को एक अत्यंत हृदय विदारक घटना सामने आई, जहाँ मिर्गी के दौरे से पीड़ित एक किसान की तालाब में डूबने से दुःखद मौत हो गई। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है, जबकि मृतक के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार केशरीपुर निवासी सुनील कुमार पुत्र कल्लू, उम्र लगभग 40 वर्ष मिर्गी रोग से ग्रसित थे। शुक्रवार को वह घर से खाद लेने के लिए निकले थे। रास्ते में शौच के लिए वह एक तालाब के किनारे गए। बताया जाता है कि तालाब के नजदीक पहुँचते ही उन्हें अचानक मिर्गी का तेज दौरा पड़ा। दौरे के कारण वह लड़खड़ाकर पास के गहरे तालाब में जा गिरे और पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई। जब कुछ लोगों ने तालाब में उन्हें देखा तो इसकी सूचना तत्काल उनके परिजनों को दी गई। मौके पर पहुँचे परिजनों ने देखा कि सुनील कुमार की डूबने से मौत हो चुकी है। इस दुःखद घटना से मृतक की पत्नी और उनके तीन बच्चों का रो–रोकर बुरा हाल है। मृतक की दो बेटियां, अन्सिका और माधुरी, तथा एक बेटा राज है। गमगीन माहौल के बीच किसान के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की मनाई जयंती



न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। नानपारा से निकटवर्ती गांव माघी में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई उन्हें वर्ष 1991 में मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। उनके जन्मदिन को पूरे भारत में एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है वैसे सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नडियाद में हुआ था वह एक सफल वकील भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और भारत के पहले उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री थे। लौह पुरुष के चित्र पर बलहा विधायक सरोज सोनकर तथा खंड विकास अधिकारी बलहा द्वारा माल्यार्पण कर पुष्प बरसाये वल्लभभाई पटेल की जयंती कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बलहा विधायक सरोज सोनकर रही। इस मौके पर उन्होंने सरकार द्वारा दी गई योजनाओं के बारे में बताया। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी बलहा अपर्णा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संकल्प है कि एक भारत श्रेण्ठ भारत के सपने का साकार कर नये भारत का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि आज केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा महापुरूषों को सम्मान देते हुए उनके नाम से अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही हैं। खंड विकास अधिकारी बलहा अपर्णा ग्राम पंचायत अधिकारी विजय कुमार ग्राम प्रधान अच्छन खां, प्रधान प्रतिनिधि रजवापुर विजय वर्मा, भाजपा युवा नेता गोविंद प्रसाद सोनकर, लल्लन सोनकर भाजपा के कार्यकर्ता एवं सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम राजू सोनकर के निवास स्थल पर संपन्न हुआ।

# एकता की दौड़ : हाथों में तिरंगा लेकर निकले पुलिस कर्मी व छात्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150 वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को खीरी थाना में रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन किया गया। थाना स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस कर्मियों और क्षेत्र के छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश में राष्ट्रीय एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश देना रहा।थाने की समस्त पुलिस टीम और स्थानीय विद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर लहरपुर मार्ग पर करीब डेढ़ किलोमीटर तक दौड़ लगाई। दौड़ के दौरान एक भारत, श्रेष्ठ भारत और सरदार पटेल अमर रहें। जैसे नारों से पूरा माहौल देशभक्ति से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम में उपस्थित थानाध्यक्ष निराला तिवारी ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है। उन्होंने प्रतिभागियों से आह्वान किया कि सभी लोग मिलकर समाज में भाईचारे और सद्भाव की भावना को मजबूत करें।

# भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में हुआ रन फार यूनिटी कार्यक्रम



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। देश के प्रथम गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 जयंती पूरे देश में धूमधाम से मनाई जा रही है। इसी क्रम में आज जनपद में भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता के नेतृत्व में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नुमाइश ग्राऊंड से प्रारम्भ हुए यूनिटी मार्च को मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश मंत्री सुरेश अवस्थी, सदर विधायक सरिता भदौरिया, जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता व जिलाअधिकारी सुभ्रान्त शुक्ला ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। रन फॉर यूनिटी पदयात्रा कार्यक्रम में जिलाधिकारी सुभ्रान्त शुक्ला ने कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्यजनों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। रन फॉर यूनिटी पदयात्रा का शुभारम्भ नुमाइश ग्राउंड स्थित शहीद स्मारक पर अतिथियों द्वारा पुष्प अर्पित करके हुआ। रन फॉर यूनिटी पदयात्रा शहर के नुमाइश चौराहा, सरदार पटेल चौक (पक्का तालाब चौराहा), पुरविया टोला, नगर पालिका चौराहा, नौरंगाबाद चौराहा होते हुए शास्त्री चौराहा पर जाकर समाप्त हुई। पद यात्रा कार्यक्रम में चल रहें वाहन में बज रहें गानों से पूरे शहर का माहौल देशभक्ति मय हो गया। शहर में जगह जगह लोगों ने पुष्प वर्षा करके पदयात्रा का स्वागत सम्मान किया। रन फिर यूनिटी यात्रा के प्रथम पड़ाव पर पदयात्रा में चल रहें अतिथियों द्वारा पटेल चौक स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गयी। रन फॉर यूनिटी पदयात्रा का समापन शास्त्री चौराहा स्थित लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके हुआ। रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश मंत्री सुरेश अवस्थी ने कहा कि आजादी के बाद अंग्रेजों ने देश को 562 छोटी–बड़ी रियासतों में बांटने का काम किया। सब चिंतित थे कि 562 रियासतों में बंटा हुआ भारत किस तरह से अखंड भारत बनेगा। मगर तत्कालीन गृहमंत्री सरदार पटेल के कारण बहुत कम समय में सभी 562 रियासतों को एकजुट करके आज के भारत की नींव रखी। कांग्रेस सरकार ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को उचित सम्मान नहीं दिया। सरदार पटेल को 41 साल की देरी के बाद भारत रत्न से सम्मानित किया गया। देश में कहीं भी कोई स्मारक नहीं बनाया गया। जब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री बने, तभी उन्होंने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की परिकल्पना की और सरदार पटेल के सम्मान में एक भव्य स्मारक बनवाया। 2014 में पीएम बनते ही नरेंद्र मोदी ने पटेल जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि अनुच्छेद 370 को हटाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर को भारत में एकी.त करने के सरदार पटेल के संकल्प को पूरा करने का काम किया। रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अपने समापन उद्बोधन में जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल ने देश की एकता की नींव रखी। उन्होंने छोटे–छोटे स्वतंत्र प्रांतों तो जोड़कर एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण किया। उनका ये योगदान हर भारतवासी के लिए एक प्रेरणा है। रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, प्रेमदास कठेरिया, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार चौधरी, डॉ रमाकांत शर्मा, गोपाल मोहन शर्मा, ब्लॉक प्रमुख गणेश राजपूत, दिलीप यादव, जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी, प्रशांत राव चौबे, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीता गुप्ता, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष विरला शाक्य, जिला उपाध्यक्ष शिवकिशोर धनगर, हरनाथ कुशवाह, कार्यक्रम संयोजक व जिला मंत्री जितेंद्र गौड़, राहुल राजपूत, रजत चौधरी, ममता कुशवाहा, डॉ ज्योति वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, समीर सक्सेना, युवा मोर्चा अध्यक्ष संजू चौधरी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी विमलेश शाक्य, बासु चौधरी, प्रमिला पालीवाल, नीतू नारायण मिश्रा, प्रीति दुबे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।

# सपाईयों ने लौह पुरुष की जयंती मना किया याद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी कार्यालय मेंप्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार लौह पुरुष, भारत रत्न, आधुनिक भारत के निर्माता सरदार वल्लभ भाई पटेल जी व महान समाजवादी, शिक्षाविद, दार्शनिक आचार्य नरेंद्र देव जी की जयंती मनाई गई। चित्र पर पुष्पांजलि के उपरांत गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमेंदोनों महापुरुषोंके जीवन पर विस्तृत चर्चा की गई। उनके द्वारा किए गए देश हित मेंकिए गए कार्योंका उल्लेख किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी, वीरेंद्र यादव, दयालु गुप्ता, विपिन यादव, जगदीश सिंह उर्फ जालिम सिंह, डा रामनरेश पटेल, नंद किशोर पाल, राम किशोर प्रजापति, हीरा लाल साहू मनोज यादव, शनि यादव, राज बाबू यादव, सुमित साहू अनिल यादव, नूर जहां, रमजान अली, निर्मल यादव, जीतू जुनैद, सूफियान, प्रमोद यादव, दीपांशु आकाश, हिमांशु आदि उपस्थित रहे।

# नगर विकास व ऊर्जा मंत्री ने जनसेवा संवाद में की सहभागिता

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अपने जनपद प्रवास के दौरान आज जूनियर हाईस्कूल मझवारा मोड़, घोसी मेंआयोजित सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती समारोह, जन सेवा संवाद कार्यक्रम एवं विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की।

कार्यक्रम की शुरुआत में मंत्री श्री शर्मा ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच से उपस्थित जनता का अभिनंदन करते हुए उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का जीवन हम सबके लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने जिस समर्पण और .ढ़ इच्छाशक्ति से देश को एकता के सूत्र में पिरोया, वह आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कार्यक्रम के दौरान पटेल समुदाय के वरिष्ठ गणमान्य एवं समाजसेवियों को मोमेंटो देकर मंत्री एके शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। विकास को नई दिशा देने वाली योजनाओं का शुभारंभ इस अवसर पर मंत्री श्री शर्मा ने लगभग 50 करोड़ की लागत वाली कुल 55 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इनमें से 28 परियोजनाओं का शिलान्यास (लगभग 44 करोड़ रुपए) और 27 परियोजनाओं का लोकार्पण (लगभग 5 करोड़ से अधिक) किया गया। शामिल प्रमुख कार्यों में इंटरलॉकिंग मार्गों का निर्माण, कवर्ड मिनी नाला निर्माण, पोखरी एवं जलाशयों का सुंदरीकरण, सीसी रोड का निर्माण, कान्हा गौशाला का निर्माण, वाटर कूलर का अधिष्ठापन एवं सार्वजनिक स्थलों का सौंदर्यीकरण आदि शामिल हैं। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि ये सभी परियोजनाएं नागरिकों की सुविधा बढ़ाने, नगर की सुंदरता बढ़ाने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में मील का पत्थर



साबित होंगी। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने मंत्री श्री शर्मा का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिला समूह, विद्यार्थी, व्यापारी, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। सबने खुले दिल से अपने सुझाव और अपेक्षाएं साझा की। इस दौरान मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य जनसंपर्क नहीं, बल्कि जनसंपृक्ति है जनता की भागीदारी से ही विकास संभव है। हर गांव, हर वार्ड, हर गली को सुविधाओं से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि मऊ जिले के विकास में कोई कोर–कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इस दौरान पूर्व सांसद हरि नारायण राजभर, जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष नूपुर अग्रवाल, अध्यक्ष नगर पालिका घोसी मुन्ना प्रसाद गुप्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# कारागार राज्यमंत्री ने भरथापुर गांव का किया भ्रमण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। प्रदेश के कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ तहसील मिहींपुरवा अन्तर्गत ग्राम भरथापुर पहुंचकर बुधवार को देर शाम हुई नाव दुर्घटना में प्रभावित हुए परिवारों से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस हृदय विदारक घटना से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अत्यन्त दुखी है। श्री राही ने कहा कि इस दुख की घड़ी में प्रदेश सरकार आपके साथ है। प्रभावित परिवारों को सरकार द्वारा अनुमन्य हर संभव सहायता प्रदान की जायेगी। श्री राही ने सभी प्रभावित परिवार के एक–एक सदस्य से भेंट कर उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। राज्यमंत्री राही ने घटनास्थल का भ्रमण कर लापता लोगों के रेस्क्यू के लिए संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। डीएम अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, एसएसबी, पीएसी, जिला प्रशासन की आपदा राहत टीम तथा स्थानीय गोताखोरों एवं नागरिकों के सहयोग से निरन्तर रेस्क्यू आपरेशन संचालित किया जा रहा है। राज्यमंत्री श्री राही ने जिलाधिकारी व डीएफओ कतर्नियां घाट सूरज को निर्देश दिया कि विस्थापन की कार्यवाही यथाशीघ्र पूर्ण करायी जाये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा राम दयाल, कैसरगंज के अखिलेश कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर प्रकाश सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी लाइन्स पवन कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# सपाईयों ने पार्टी कार्यालय में मनाई लौह पुरुष की 150 वीं जयंती

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर शुक्रवार को भारत रत्न लौह पुरुष स्वतंत्र भारत के पहले उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल एवं समाजवादी विचारधारा पोषक आचार्य नरेंद्र देव की जयंती पार्टी कार्यालय पर धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष दूधनाथ यादव ने कहा कि आज दोनों महान विभूतियों का जन्मदिन है और आज मोथा चक्रवात किसानों का बहुत बड़ा नुकसान किया है जिसमें सर्वाधिक धान की फसल को नुकसान पहुंचा है तो वही किसानों ने भारी मात्रा में आलू की फसल को नुकसान हुआ है जो अभी तत्काल में किसानों ने बोया था वह पानी की वजह से पूरी तरह से सड़ जाने की संभावना है। समाजवादी पार्टी मांग करती है कि प्रदेश सरकार किसानों के हुए फसलों का नुकसान का उचित मुआवजा प्रदान करें इसके लिए जिलाधिकारी से ज्ञापन के माध्यम से समाजवादी पार्टी अपनी मांग रखेगी जिलाध्यक्ष ने अपने विभूतियां पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 नाडियाद के गुजरात प्रांत में हुआ था। उन्होंने




उच्च शिक्षा प्राप्त लंदन से करने के बाद भारत लौटे और स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में भाग ले लिया बारदोली सत्याग्रह 1928 का नेतृत्व करके उन्होंने सरदार की उपाधि हासिल की महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन नमक सत्याग्रह आंदोलन में सक्रिय भाग लिया। लंबे समय तक जेल में रहे 1931 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 46 में अधिवेशन के अध्यक्ष बने स्वतंत्रता के बाद पहले गृह मंत्री और भारत के उप प्रधानमंत्री बने उस वक्त आजादी के बाद भारत के रियासतें आपस में बिखरी हुई थी। इन्होंने एक अभियान चलाकर 562 से अधिक रियासतों को एक भारत और श्रेष्ठ भारत बनाने का काम किया। जिसमें हैदराबाद जूनागढ़ और जम्मू कश्मीर जैसे रियासतों भारत में विलय करने से इनकार करने पर सैन्य बल और शक्ति का प्रयोग कर भारत में विलय किया जिन्हे लोह पुरुष के नाम से जाना जाता है सरदार वल्लभ भाई पटेल देश हित में तत्कालीन परिस्थितियों में एक जिगरबाज राजनेता के रूप में फैसला लिया जिसने भारत में ही एक राज्य से दूसरे राज्य में वीजा पासपोर्ट बनने से रोका और एक भारत का निर्माण किया सरदार वल्लभभाई पटेल 15 दिसंबर 1950 को मुंबई के बिरला हाउस में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया लेकिन उनके किए हुए कार्य और उनके साहस शौर्य आज भी प्रासंगिक हैं उनके मरणोपरण 1991 में भारत रत्न से सुशोभित किया गया। वहीं दूसरे महान विभूति आचार्य नरेंद्र देव का जन्म 31 अक्टूबर 1889 को सीतापुर जनपद में हुआ था। वह शिक्षा विद थे संस्.त दर्शनशास्त्र और विधि विज्ञान से उसे शिक्षा प्राप्त कर काशी विद्यापीठ में बतौर अध्यापक के रूप में कार्य किया फिर उन्होंने बनारस हिंदू पविश्वविद्यालय और लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति रहते हुए एक समाजवादी विचारधारा के पोषक थे। स्वतंत्रता संग्राम के वक्त 1934 में इन्होंने कांग्रेस समाजवादी दल की स्थापना किया और अपनी लेखनी के दम पर समाज को एक नई दिशा देने का काम किया आचार्य नरेंद्र देव अपने उच्च विचार और जनता के कल्याण हेतु सरकार के दिशा को मोड़ने में महत्वपूर्ण योगदान दिया आचार्य नरेंद्र देव के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। आज के कार्यक्रम को मुख्य रूप से पूर्व एमएलसी राम जतन राजभर जिला महासचिव को कुददूश अंसारी जिला कोषाध्यक्ष रामधनी चौहान, जिलाध्यक्ष युजन सभा राजेश यादव,ब्लॉक अध्यक्ष उमाकांत यादव विधानसभा अध्यक्ष बबलू यादव विधानसभा अध्यक्ष मधुबन चंद्रकांत मौर्य, अशोक यादव काका, अखिलेश यादव, राम नगीना यादव कवि श्रीकांत यादव आदि ने संबोधित किया।

# मेरा युवा भारत के तत्वावधान में मनाई सरदार पटेल की जयंती




न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत के तत्वावधान में सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती पर एक भव्य जिला स्तरीय पद यात्रा का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ डॉ. भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम, मऊ से हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता के संदेश को जन–जन तक पहुचाना रहा। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एके शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने जिस अखंड भारत का सपना देखा था। उसे साकार करने की जिम्मेदारी आज के युवाओं की है। जब समाज का हर वर्ग एक ध्येय के साथ आगे बढ़ेगा, तभी एक भारत, श्रेष्ठ भारत का निर्माण संभव होगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय, जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र, पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन, पूर्व विधायक उमेश चंद्र पांडेय, पूर्व विधायक विजय राजभर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संगीता सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंह, गणेश कुमार सिंह, तथा प्राचार्य सर्वेश पांडेय सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। पद यात्रा में जिले के विभिन्न हिस्सों से हजारों की संख्या में युवाओं, छात्रों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने भाग लिया। पूरा आयोजन मेरा युवा भारत की जिला युवा अधिकारी एवं संयोजिका राशि मिश्रा के नेतृत्व में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि यह जिला स्तरीय पद यात्रा युवाओं में राष्ट्रीय चेतना और एकता की भावना को प्रबल करने का प्रतीक है। सरदार पटेल जी के आदर्श आज भी हमारे मार्गदर्शक हैं। मंच का संचालन शेर नारायण सिंह ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जहां सभी ने भारत की एकता, अखंडता और समरसता को सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

# ठप पड़ी रेल सेवाएं, तत्काल बहाल किए जाने का सौंपा मांग पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जिला कांग्रेस सेवादल द्वारा पूर्व घोषित पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी की 41 वीं पुण्यतिथि तथा भारत सरकार के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150 वीं जयंती पर दोनों महान विभूतियों को नमन करने के जनहितकारी संकल्प के तहत गोण्डा से नेपालगंज रोड वाया नानपारा जंक्शन तक तत्काल रेल संचालन शुरू करने तथा नानपारा जंक्शन से मैलानी जंक्शन तक ठप पड़ी रेल सेवाएं तत्काल बहाल किए जाने की मांग को लेकर रेलवे स्टेशन अधीक्षक नानपारा जंक्शन के माध्यम से रेलमंत्री भारत सरकार को मांगपत्र भेजा गया। मांग पत्र देने से पूर्व कांग्रेस नेताओं ने रेलवे परिसर में धरना प्रदर्शन करके गगनभेदी नारे लगाकर तत्काल रेल सेवा चालू करने की पुरजोर मांग की। इस दौरान कांग्रेस नेता विनय सिंह ने कहा कि, सीआरएस जारी हुए 50 दिनो से ऊपर हो रहें हैं किन्तु भाजपा सरकार के नेता अपनी वाहवाही के चक्कर में अभी शुभ मुहूर्त न होने की बात कहकर तथा बिहार चुनाव का बहाना बताकर जनभावनाओं पर कुठाराघात करने से बाज नही आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन्दिरा–पटेल जी के अनुयाई इसे कतई बर्दाश्त नही करेंगे, बल्कि आर पार का मोर्चा खोलेंगे। कांग्रेस नेत्री मालती पासवान ने कहा कि आयरन लेडी इंदिरा गांधी की तरह हमे अपनी नारी शक्ति प्रदर्शित करने की जरूरत है। जिलाध्यक्ष विष्णु यादव ने कहा कि सरदार पटेल ने कहा था कि जिस दिन देश और समाज में आर एस एस और भाजपा का राज होगा उस दिन से हमारी राष्ट्रीयता और धर्मनिरपेक्षता के अस्तित्व को खतरा बढ़ जाएगा। संचालन नगर अध्यक्ष नानपारा भोला कुरैशी ने किया तथा पूर्व ब्लाक अध्यक्ष एहसान वारिस तथा जिला उपाध्यक्ष शरीफ खान ने अपने सम्बोधन में शीघ्र व्यापक रूप से अभियान चलाने का ऐलान किया। इस अवसर पर खैरुलनिशां मो.असगर, राशिद अली, प्रेम श्रीवास्तव सहित कई लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।

# ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा, बहराइच। तहसील नानपारा क्षेत्र अंतर्गत अंतर्गत ग्राम केशवापुर में उस समय हादसा हो गया जब 28 वर्षीय युवक अवधेश वर्मा पुत्र राज किशोर वर्मा ट्रैक्टर से .षि कार्य हेतु खेत की तरफ जा रहे थे, कि अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित हुआ और 10 फीट गहरे खाई मुन्ना के खेत मे गिर गया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। गांव में सूचना पहुंचने के पश्चात परिजन युवक के शव को उठाकर अपने घर ले आए। घर पर शव पहुंचते ही कोहराम मच गया। परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है। थाना कोतवाली नानपारा के गुरघुटटा पुलिस चौकी इंचार्ज सुरपति त्रिपाठी, उप निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, आरक्षी शशांक गौड़, हेड कांस्टेबल दयाराम साहनी, रामानुज सिंह मौके पर पहुंचे, जहां पर परिजनों से बात कर शव को कब्जे में ले लिया, तथा पोस्टमार्टम की कार्यवाई हेतु बहराइच भेज दिया। मृतक युवक को देखने के लिए क्षेत्रीय ग्रामीणों की भीड़ लगी रही। हादसे के शिकार हुए मृतक अवधेश वर्मा चार भाइयों में सबसे बड़े थे इनके दो पुत्रियां और एक पुत्र भी है।

# लौह पुरुष सरदार पटेल की मनाई 150 वीं जयंती

न्यूज वाणी ब्यूरो

अमिला। बड़राव ब्लॉक क्षेत्र के मादी सिपाह बाजार में भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाई गई। यह कार्यक्रम पटेल एकता मंच के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता गिरिजा शंकर शर्मा व संचालन समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव संजय सिंह पटेल ने किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने सरदार पटेल के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर चंद्रभान चौरसिया, रामदुलारे निषाद, विजय शंकर यादव, श्रवण पटेल, डॉ. अजय सिंह, श्रीराम सिंह, रमेश सिंह, दया राम पटेल, रामअवध सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि सरदार पटेल ने अपने अदम्य साहस और .ढ़ इच्छाशक्ति से देश की रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत की एकता और अखंडता को सशक्त बनाया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने लौह पुरुष के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखो में दर्द, मोतिया बिन्द, रतौंधी, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं काम की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखो के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लेसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आजा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद जी.टी. रोड, फतेहपुर MBBS. (H) P.M.P
हाजी खलीक अहमद जाफरी सम्पादक कारवाने हक 9415065213
एफ.ए.जाफरी D.R. (Opt.) 7379440876

# कांग्रेस ने इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि व सरदार पटेल की मनाई जयंती



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कांग्रेस कार्यालय ज्वालागंज में कांग्रेस पार्टी की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि के साथ–साथ लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल एवं आचार्य नरेंद्र देव की जयंती का भी आयोजन किया गया। सभी कांग्रेसियों ने स्व. इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी शहादत को याद करते हुए सरदार पटेल व आचार्य नरेंद्र देव के जीवन चरित्र पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि इंदिरा जी का साहस और बलिदान दोनों हमे देश प्रेम की शिक्षा देते हैं उनका आदर्श असल जीवन मूल्यों का दर्शन है जो हमें एक सम्मानित जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है। इसी के साथ सरदार पटेल जी व आचार्य नरेंद्र देव के राष्ट्रप्रेम एवं उनके द्वारा राष्ट्र निर्माण की भूरी भूरी प्रशंसा की। शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने भी स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी को एक कुशल रणनीतिकार एवं कुशाग्र चिंतक करार देते हुए कहा कि हम उनके बनाए मार्ग पर चलते रहे। उनके प्रति यही सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने आगे कहा कि जिस प्रकार सरदार पटेल जी ने निस्वार्थ एक मजबूत भारत की नींव रखी उससे भी हमे प्रेरणा की आवश्यकता है। साथ ही आचार्य नरेंद्र देव जी की भी देश के लिए त्याग और तपस्या का कोई दूसरा उदाहरण नहीं है। कार्यक्रम में राम नरेश महराज, माधुरी रावत, शोभा दुबे, शकीला बानो, मिस्बाहुल हक, अजय बच्चा, कौशल कुमार शुक्ला, नजमी कमर, ऋषभ पांडेय, अब्दुल रज्जाक, वकील खान, मो. अकरम काले, नसीम अंसारी, रमजान शाह, मोहित मिश्रा, असलम, आरिफ खान, पप्पू पाल, चंद्र प्रकाश लोधी, बषीर अहमद, डॉ. अब्दुल हमीद, नसीम अंसारी, निजामुद्दीन आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई लौह पुरुष की जयंती



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारत के महान सपूत, लौह पुरुष, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150 वीं जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में जिला मुख्यालय समेत सभी विकास खण्ड मुख्यालयों, नगर पालिका व नगर पंचायतों में मनाया गया। जिला मुख्यालय के पटेल नगर स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की प्रतिमा में भाजपाइयों व आमजनों द्वारा पुष्पांजलि के साथ ही यूनिटी मार्च निकाला। मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, खागा विधायक .ष्णा पासवान, जहानाबाद विधायक राजेंद्र पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल व जिलाधिकारी रवींद्र सिंह सहित जिला प्रसाशन के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक पुष्पराज पटेल व सह–संयोजक अर्चना त्रिपाठी व रेखा मिश्रा के संयोजकत्व में पद यात्रा पटेल नगर से पथरकटा चौराहा, डॉ श्यामलाल गुप्त पार्षद चौराहा होते हुए सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रेक्षागृह में समाप्त हुई। प्रेक्षागृह में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय अखंडता से ओतप्रोत विषयों पर मंचन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहा कि आजादी के साथ ही ब्रिटिश सरकार द्वारा भारत को कई खंडों में बांटने की कुत्सित प्रयास किए गए लेकिन लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के एक भारत श्रेष्ठ भारत संदेश के आगे उनकी एक नहीं चली। जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कहा कि आज भारत विषशक्ति के रूप में खड़ा है। इसके पीछे लौह पुरुष के वह महान विचार हैं जिनके कारण से भारत आज ज्येष्ठ और श्रेष्ठ भारत के स्वरूप में है। जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि रन फॉर यूनिटी देश के युवाओं के मन में राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना का संचार करते हुए नए भारत को एक सूत्र में पिरोने का संदेश देती है। प्रतिभागी छात्र छात्राओं, एनसीसी कैडेटों, युवाओं के राष्ट्रीय एकता अखंडता के विचारों को प्रदर्शित करती है। कार्यक्रम में अन्नू श्रीवास्तव, अपर्णा सिंह गौतम, आचार्य कमलेश योगी, उदय लोधी, नीरज सिंह, कुलदीप भदौरिया, मनोज मिश्रा, प्रदीप बाजपेई, विकास पासवान, पंकज त्रिपाठी, मधुराज विष्वकर्मा, राजेश सिंह जनसेवक, नितिन सिंह, आदित्य त्रिवेदी, अजय सिंह रिंकू लोहारी, संजय गुप्ता, सौम्या देवी पटेल, देवनाथ धाकड़े सिद्धार्थ दीक्षित, अखिलेश पटेल, पवन साहू, पिंटू सिंह, राजू पाल, अवनीश मौर्य भी मौजूद रहे।

# घर में घुसकर छेड़छाड़ व मारपीट किए जाने की दी तहरीर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत घर में घुसकर महिला व उसके परिवार पर दबंगों द्वारा हमला किए जाने के मामले में पीड़िता ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर दबंगों पर मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की गुहार लगाई है। इस मारपीट में उसका पति व ससुर गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पीड़ित महिला ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह रात्रि लगभग दस बजे रसोई में खाना बना रही थी। इसी दौरान उसने अपनी ननद के चिल्लाने की आवाज सुनी। जब वह मौके पर पहुंची तो देखा कि आरोपी मुशीर पुत्र अज्ञात उसकी ननद के साथ अश्लील हरकत कर रहा था और दूसरा आरोपी संजीव पुत्र अज्ञात उसकी ननद के कपड़े फाड़ने की कोशिश कर रहा था। महिला के विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने उसे भी लात–घूंसों से मारा–पीटा। शोर सुनकर एक अन्य अज्ञात व्यक्ति घर में घुस आया और लाठी, डंडों व धारदार हथियार से पीड़ित महिला, उसके पति दिनेश व ससुर रामखेलावन पर हमला कर दिया। हमले में तीनों को गंभीर चोटें आईं। घटना के दौरान आरोपियों ने गाली–गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। उन्होंने कहा कि अगर पुलिस में शिकायत की तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे, तुम लोग हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे। घटना की जानकारी होते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घायल दिनेश व रामखेलावन को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित महिला ने कोतवाली सदर में लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ छेड़खानी, मारपीट, गाली–गलौज व जान से मारने की धमकी के तहत एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

# पति की शिकायत पर कोर्ट ने सास व उसकी बहन को किया तलब



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सोलह माह पूर्व सास व उसकी बहन घर आकर पीड़ित की मां के जेवर, नकदी के साथ पत्नी को बहला–फुसलाकर घर ले गए। इस मामले में पीड़ित पति ने एसपी समेत पुलिस से शिकायत दर्ज की लेकिन कोई कार्रवाई न किए जाने पर पीड़ित ने वरिष्ठ अधिवक्ता सैय्यद नाजिश रजा के माध्यम से कोर्ट की शरण ली। सीजेएम ने मामले की सुनवाई करते हुए पीड़ित की सास व उसकी बहन को कोर्ट में तलब किया है। पीड़ित ने फैसले का स्वागत करते हुए इसे न्याय की जीत बताया। शहर के महाजरी मुहल्ला निवासी फरमान पुत्र रियाज हाशिम ने अधिवक्ता सैय्यद नाजिश रजा के माध्यम से सीजेएम कोर्ट में एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिसमें बताया गया कि उसकी शादी बाबूपुरवा कानपुर में शबीना के साथ हुई थी। 30 जून 2024 को सास शबनूर व सास की बहन नसीम घर आई और मां का जेवर, नौ हजार रूपए नगद उठाकर पुत्री को बहला–फुसलाकर घर ले गई। पीड़ित फरमान ने घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस व पुलिस अधीक्षक से करते हुए न्याय की गुहार लगाई, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने अधिवक्ता के माध्यम से सीजेएम कोर्ट में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिस पर सीजेएम आशुतोश–द्वितीय ने मामले की सुनवाई करते हुए फरमान की सास शबनूर व शबनूर की बहन नसीम को सुनवाई का अवसर प्रदान किया, लेकिन फरमान के अधिवक्ता सैय्यद नाजिश रजा की ओर से रखे गए तथ्यों पर विश्वास करते हुए नसीम व शबनूर निवासिनी कानपुर को धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता में तलब कर लिया है। पीड़ित पति फरमान ने फैसले का स्वागत करते हुए इसे न्याय की जीत बताया।

# श्री लक्ष्मी नारायण भगवान के वार्षिकोत्सव पर होगा सुंदरकांड व भंडारा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सिद्धपीठ श्री मोटेश्वर महादेव मंदिर .ष्ण बिहारी नगर में स्थापित श्रीलक्ष्मी नारायण भगवान के आठवें वार्षिकोत्सव के अवसर पर सुंदरकांड एवं भंडारे का आयोजन किया जायेगा। आयोजन समिति के विपिन बिहारी शरन जी जेल पर्यवेक्षक ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष एक नवंबर दिन शनिवार को प्रातः आठ बजे से सुंदरकांड पाठ एवं एक बजे से प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि सिद्धपीठ श्रीमोटेश्वर महादेव मंदिर .ष्ण बिहारी में स्थापित श्रीलक्ष्मी नारायण भगवान जी की मूर्ति की स्थापना हुई थी जिसके आठ वर्ष पूर्ण होने पर उक्त आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आचार्य विमलाकांत त्रिपाठी जी एवं आचार्य रवि शंकर मिश्रा द्वारा मंत्रोच्चारण के बीच पूजन का कार्य संपन्न कराया जायेगा एवं महिलाओं की टीम द्वारा सुंदरकांड का आयोजन भी किया जायेगा। इसके उपरांत प्रसाद एवं भंडारे का वितरण किया जायेगा। उन्होंने सभी भक्तों से उक्त आयोजन में सम्मिलित होने का आग्रह किया।

# रेडक्रास चेयरमैन ने क्षय रोगियों को दी सामग्री



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150 वीं जयंती के अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में चेयरमैन व प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में सर्वप्रथम टीबी अस्पताल में क्षय रोगियों को फल, बिस्कुट वितरित किए तत्पश्चात अजगवां वार्ड के आकूपुर ग्राम के बच्चों को बिस्कुट, टॉफी, लेखन सामग्री का वितरण किया।सभी बच्चों को डेंगू से बचाव व रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होम्योपैथिक औषधि भी प्रदान की। डॉ अनुराग ने सभी बच्चों को सरदार बल्लभ भाई पटेल के बारे में जानकारी दी। डेंगू से बचाव हेतु स्वच्छता के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ निशात शहाबुद्दीन, सचिव अजीत सिंह, डा. अशोक गुप्ता, प्रशांत चतुर्वेदी, जितेंद्र, गोरेलाल, भक्तदास, नसीम, प्रवीण, राकेश, विष्णुबाबू श्रीवास्तव, सत्येंद्र यादव, नरेंद्र विश्वकर्मा सहित प्रमुख सहयोगी अभिनव श्रीवास्तव, चैतन्य कुमार संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ इंडियन रेडक्रास सोसाइटी उपस्थित रहे।

# पुलिस व लुटेरों के बीच मुठभेड़, एक के पैर में लगी गोली



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना पुलिस ने लुटेरों से मुठभेड़ के बाद तीन शातिर अपराधियों को गिरतार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान एक लुटेरे के पैर में गोली लगी, जिसे उपचार के लिए सीएचसी गोपालगंज भेजा गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन देशी तमंचे, तीन जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, एक अपाचे मोटरसाइकिल और लूट के 10480 रुपये नकद बरामद किए हैं। कल्यानपुर थाना क्षेत्र में एक ही दिन में लूट की तीन घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान विवेक यादव, राजन यादव और शिवम यादव, तीनों निवासी थाना क्षेत्र कल्यानपुर, के रूप में हुई है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि तीन संदिग्ध व्यक्ति काली अपाचे मोटरसाइकिल से गुनीर तिराहे मोटू होटल के पास घूम रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने क्षेत्र में चेकिंग शुरू की। इसी दौरान तीनों आरोपी बाइक से आते दिखाई दिए। पुलिस के रोकने का प्रयास करने पर वह बाइक मोड़कर भागने की कोशिश की, लेकिन दूबीकगार गांव के पास उनकी बाइक फिसल गई, जिससे तीनों बाइक के साथ नीचे गिर गए। अपर पुलिस अधीक्षक महेंद्र पाल सिंह ने बताया कि खुद को घिरता देख आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली से विवेक यादव घायल हो गया, जबकि उसके दो साथियों को मौके से दबोच लिया गया। थाना कल्यानपुर पुलिस ने इस घटना में शामिल तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि गिरतारी से क्षेत्र में लूटपाट और आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगेगा।

# सर्पदंश से युवक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम चकबरारी में सोते समय 28 वर्षीय युवक को जहरीले सर्प ने डस लिया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चकबरारी गांव निवासी स्व0 निरंजन का पुत्र उमेश कुमार कमरे में सो रहा था। रात में जहरीले सर्प ने डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# घायल युवक की उपचार दौरान मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। दस दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल 45 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान घर पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन हेतु भेजा है। बताते चलें कि ललौली थाना क्षेत्र के गंगईपार निवासी स्व0 अमरनाथ का 45 वर्षीय पुत्र अजय लोधी 20 अक्टूबर को पैदल घर जा रहा था तभी सिधांव मोड़ के पास अज्ञात बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दिया था जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# राज्यकर डिप्टी कमिश्नर से मिले व्यापारी



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राज्यकर डिप्टी कमिश्नर अशोक कुमार से जीएसटी की सरलता व व्यापारियों हेतु जीएसटी रजिस्ट्रेशन में बहुताय लाभ हेतु उद्योग व्यापार मण्डल के प्रतिनिधि किशन मेहरोत्रा ने मुलाकात की। राज्यकर डिप्टी कमिश्नर अशोक कुमार ने कहा कि राज्यकर विभाग में व्यापारियों के लिये सुविधा केन्द्र का आवंटन आवंटित किया गया है। जहां व्यापारी बन्धु अपनी सभी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। समस्या के निदान का सुझाव प्राप्त कर सकते हैं। व्यापारियों से आहवान किया कि राज्यकर विभाग में अपना रजिस्ट्रेशन कराकर अपने व्यापार को विकसित बनाएं। व्यापारी प्रतिनिधि किशन मेहरोत्रा ने डिप्टी कमिश्नर व असिस्टेंट कमिश्नर से व्यापारियों की समस्याओं के निवारण हेतु निवेदन किया। इस अवसर पर असिस्टेंट कमिश्नर आईसी शर्मा, व्यापारी रामबाबू उमराव उपस्थित रहे।

# पटेल सेवा संस्थान ने मनाई लौह पुरूष की जयंती

## - प्रतिमा पर माल्यार्पण कर निकाली रथ यात्रा



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अखंड भारत के निर्माता, लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी का 150 वां जन्मदिन पटेल सेवा संस्थान ने धूमधाम से मनाया। सर्वप्रथम पटेलनगर स्थित उनकी प्रतिमा पर जहां माल्यार्पण किया तत्पश्चात रथ यात्रा निकाली। संस्थान के कार्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के अध्यक्ष केपी सिंह एडवोकेट की अगुवाई में किया गया। बड़ी संख्या में संस्थान के पदाधिकारी प्रातःकाल पटेलनगर चौराहा पहुंचे। जहां सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तत्पश्चात रथ यात्रा का आयोजन किया गया। कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा में नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, पूर्व वि धायक करण सिंह पटेल, संस्थान के अ ध्यक्ष केपी सिंह भी रहे। रथ यात्रा का संचालन पूर्व अध्यक्ष लाल देवेन्द्र प्रताप सिंह, धर्मेन्द्र उत्तम व अभिशेक उत्तम ने किया। यात्रा आईटीआई रोड, ज्वालागंज, सदर हास्पिटल, कर्पूरी ठाकुर चौराहा, अशोक सम्राट चौराहा, छत्रपति साहू जी महाराज चौराहा, अवंतीबाई चौराहा होते हुए पटेल सेवा संस्थान के खलीलनगर कार्यालय पहुंची। रास्ते में महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण भी किया गया। कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने सभी रियासतों का एकीकरण किया। उनके इस कार्य को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होने देश के लिए अनेक कार्य किए। आज उनके आदर्शों पर चलने की जरूरत है। तभी भारत देश अखंड बनेगा। गोष्ठी का संचालन पूर्व अध्यक्ष सुनील उमराव ने किया। इस मौके पर केएन सिंह, गोवर्धन पटेल, परशुराम पटेल, बब्लू कालिया, पुनीत वीर विक्रम, वरिष्ठ अधिवक्ता बलिराज उमराव, संजीव पटेल, राजा रंजीत सिंह, अनूप पटेल, राजन पटेल, रोहित पटेल, अर्चित पटेल, राजेश उमराव भी मौजूद रहे।

# महिला ने फांसी लगाकर दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दिलावलपुर में गुरूवार की रात घर के आंगन में छप्पर से फांसी लगाकर 35 वर्षीय महिला ने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार दिलावलपुर गावं निवासी राजू निषाद की पत्नी मुन्नी देवी ने उस समय घर के आंगन में पड़े छप्पर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जब धर के सभी लोग गहरी नींद सो रहे थे। सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो छप्पर में फांसी पर लटका मुन्नी का शव देखा तो हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# महिला को सर्प ने डसा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सैदनपुर में शुक्रवार की सुबह खेत में काम कर रही 45 वर्षीय महिला को जहरीले सर्प ने डस लिया जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सैदनपुर गांव निवासी कामता प्रसाद की पत्नी सुधा देवी सुबह खेतों में काम कर रही थी। इसी दौरान जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# वृद्धाश्रम में मनाई लौह पुरुष की जयंती

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय अखण्डता दिवस के रूप में समाज कल्याण विभाग के संचालित वद्धाश्रम ग्राम पंचायत जमालपुर मवइया विकास खण्ड तेलियानी में मनाई गई। जिसमें जिला विकास अधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल के चित्र पर मल्यार्पण किया। वृद्ध संवासियों से वार्ता की और उनके हाल चाल लिये। सभी वृद्ध संवासियों को भोजन, फल एवं मिष्ठान वितरण एवं ड्राई फ्रूट्स किया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी अवनीश कुमार यादव, सूरज कुमार, प्रधान सहायक, अजय कुमार बाजपेई कार्यालय जिला विकास अधिकारी एवं वृद्धाश्रम प्रबंधक नीतू वर्मा, अशोक कुमार लेखाकार इत्यादि की उपस्थिति रहे। सभी संवासी प्रसन्नचित्त थे।

# प्रबंधक ने विद्यालय में हुई चोरी को बताया षड़यंत्र



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के सरांय सईद खां बिलन्दा स्थित रईस इंटर कालेज के प्रबंधक जहीर अहमद पुत्र स्व0 रईस अहमद निवासी मोहल्ला पनी थाना कोतवाली सदर ने पुलिस अधीक्षक व थरियांव थानाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर विद्यालय में हुई चोरी को षड़यंत्र बताते हुए बर्खास्त प्रधानाचार्य पर आरोप लगाए। उन्होने दोषी व्यक्तियों पर मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की। एसपी व थानाध्यक्ष को दिए गए प्रार्थना पत्र में इंटर कालेज के प्रबंधक जहीर अहमद ने बताया कि 23 अक्टूबर को उन्हें समाचार पत्रों व इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से ज्ञात हुआ कि 20 अक्टूबर को बर्खास्त प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार उत्तम का विद्यालय कमरे से सामान व विद्यालय के दस्तावेज चोरी हो गए हैं। लेकिन उन्हें इसकी कोई सूचना नहीं दी गई। उन्होने बताया कि सुरेन्द्र कुमार उत्तम बर्खास्त प्रधानाचार्य हैं और विद्यालय की सम्पत्तियों की चोरी पूर्व में भी करा चुके हैं। विद्यालय में अनाधिकृत रूप से कब्जा करके विद्यालय परिसर में प्रबंधक समिति की अनुमति के बिना विद्यालय कमरे में रह रहे हैं और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को बैठाकर अवैधानिक कार्य कर रहे हैं। इसलिए प्रबंधक को षड़यंत्र करके फर्जी मुकदमें में फंसाने के लिए बीस अक्टूबर को फर्जी घटना होना दिखाया है। जिसके वीडियो फुटेज भी उनके पास हैं। विवेचना में वह पूर्ण सहयोग के लिए तैयार हैं। उन्होने एसपी व थानाध्यक्ष से मामले की जांच कराकर मुकदमा दर्ज करके दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की।

# मधुमक्खियों के हमले से दंपति घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम सुकुई में शुक्रवार की सुबह शौचक्रिया को गई 50 वर्षीय महिला पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गई। बीच–बचाव करने गए पति पर भी मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। दोनों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार सुकुई गांव निवासी ओम प्रकाश पुत्र रामेश्वर की पत्नी सियादुलारी सुबह शौच के लिए गई थी। तभी अचानक मधुमक्खियों ने उस पर हमला बोल दिया। शोर–शराबा सुनकर पति भी पत्नी को बचाने पहुंचा तो मधुमक्खियों ने उस पर हमला बोल दिया। जिससे दोनों घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

# कैंप में 60 दिव्यांगों ने कृत्रिम अंग हेतु किए आवेदन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया कि बहुआ विकास खण्ड में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के शिविर व कैम्प आयोजित किया गया। जिसमें एक सैकड़ा दिव्यांगजनों ने प्रतिभाग किया। शिविर में 60 दिव्यांगजनों के .त्रिम अंग के आवेदन प्राप्त हुए। आगामी चार नवंबर को इसी विकास खण्ड में शिविर व कैम्प आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है।

# केक काटकर मनाया सरदार पटेल व राजा भइया का जन्मदिन



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के भिटौरा रोड ग्राम मवैया स्थित वृद्धाश्रम में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह चौहान व युवा जिलाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया का जन्मदिन वृद्धजनों के साथ केक काट कर मनाया और उनकी लंबी उम्र की कामना की। जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि आज राजा भैया के जन्म दिवस को जन सेवा दिवस के रूप में मनाया गया और जनकल्याणकारी कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें सभी वृद्धजनों को फल वितरण कर जन्मदिन मनाया और वृद्धजनों का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर धर्मेंद्र सिंह जनसेवक, ऋषि सिंह, धीरज सिंह, वैभव सिंह, नवनीत प्रताप सिंह, प्रदीप श्रीवास्तव, मनोज सिंह, अजय बहादुर सिंह लालू (सरकार) सुनील कुमार, संतोष कुमार मिश्रा, सुभाष पटेल, विक्रम पटेल, सहित पार्टी के समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नीलगाय से टकराकर दंपति समेत मासूम घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम विजयीपुर के समीप सड़क पार कर रही नीलगाय से बाइक टकरा गई। जिससे दंपति समेत मासूम बच्ची घायल हो गई। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र के पेरी गांव निवासी नन्दू शंकर पुत्र लालाराम अपनी 26 वर्षीय पत्नी अर्चना व 4 वर्षीय पुत्री मान्या को ससुराल से लेकर घर आ रहा था। जैसे ही ये लोग विजयीपुर के समीप पहुंचे तभी सड़क पार कर रही नीलगाय से बाइक टकरा गई। जिससे तीनों घायल हो गए। सरकारी एंबुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )